रजिस्ट्री सं. डी एल--33001/94

REGISTERED NO. DL-33001/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 22] नई दिल्ली, शनिवार, मई 28, 1994 (ज्येष्ठ 7, 1916)

No. 22] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 28, 1994 (JYAISTHA 7, 1916)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

स्टेट बैंक आफ इन्दौर

प्रधान कार्यालय

इन्दौर, दिनांक 27 मई 1994

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि स्टेट बैंक आफ इन्दौर के शेयरधारियों की 33वीं वार्षिक सामान्य सभा निम्नलिखित कार्य हेतु रवीन्द्र नाट्यगृह, रवीन्द्रनाथ टैगोर मार्ग, इन्दौर पर सोमवार दिनांक 27-6-1994 को प्रातः 11 बजे (मानक समय) आयोजित की जायेगी ।

"31 मार्च, 1994 को समाप्त हुए वर्ष (1-4-93 से 31-3-1994) के लिए बैंक का तुलन-पत्र व लाभ-हानि खाता, इसी वर्ष के लिए बैंक के कामकाज पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा तुलन-पत्र व खातों पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्राप्त करना" ।

निदेशक मंडल के आदेश से,
एस. राजगोपाल
प्रबंध निदेशक

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

बम्बई–400005, दिनांक 1 सितम्बर 1993

सं० 3 डब्ल्यु सी० ए० (4) 2/93–94:—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर से श्री श्रीधर एन० जी०, एफ० सी० ए० (सदस्यता संख्या 021078) 10, हार्नबी बिल्डिंग 172/174, डा० डी० एन० रोड, बम्बई –400001 का नाम उनकी विनंती पर हटा दिया है ।

ए० के० मजुमदार,
सचिव

कलकत्ता-700071, दिनांक, 25 मार्च, 1994
(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

सं० 3-ई० सी० ए० (8)/3/93-94—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10(1) खंड (तीन) के अनुसरण एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये गये प्रैक्टिस प्रमाण पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द समझे जायेंगे क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं :—

क्रम सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	9378	श्री एम० सी० पाल, एफ० सी० ए०, 646, आर० एन० टैगोर रोड, कलकत्ता-700077	22-3-93
2.	51416	श्री आर० ए० झान्वर, ए० सी० ए०, 23/1ए, गरियाहाट रोड (वैस्ट) कलकत्ता—700 068	1-11-93
3.	55605	श्री ए० के० जैन, ए० सी०ए०, 16, बोनफील्ड लेन, 3 फ्लोर, कलकत्ता 700 001	30-9-93
4.	56393	श्री एन० गणेशन, ए०सी०ए०, 4ए, बिनय बोप रोड, भोवानी पोर, कलकत्ता—700 025	5-10-93
5.	4936	श्री पी० के० मुखर्जी, ए० सी० ए०, पी-395, पूर्णाबास रोड, कलकत्ता—700 029	1-4-93
6.	52830	श्री पी० एम० मोहापात्रा, एफ० सी० ए०, डिप्टी फाइनैनशियल एडवाइजर, क्वार्टर नं० एम/4/14, मधुबन, पारादीप पोर्ट, डिस्ट० कटक, पारादीप पोर्ट,—754 142	20-4-93
7.	54583	श्री ए० के० अग्रवाल, ए० सी० ए०, 309, टोडी चैम्बर्स, 3 फ्लोर, 2, लालबाजार, स्ट्रीट कलकत्ता 700 001	1-4-93
8.	55511	श्री एन० के० मुखर्जी, ए० सी० ए०, इपिटाटा स्पौंज आयरन लि०, पी०ओ० जोडा, डिस्ट० कोइंझार, जोडा—758 034	13-1-93
9.	56032	श्री जे० बणिक, ए० सी० ए०, मैसर्स एन० एन० मुखर्जी एण्ड कं०, 1 बी, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता—700001	1-4-93
10.	56154	श्री पी० डे, ए० सी० ए०, 5, सनातन सील लेन, कलकत्ता, 700012	1-4-93
11.	51845	श्री देव असमंजा, एफ०सी०ए०, रे एण्ड रे, 6, चर्च लेन, पी० ओ० बोक्स 706, कलकत्ता—700001	1-1-94
12.	54276	श्री मित्रा गौतम, ए०सी०ए०, ईस्ट कोदालिया लिचू बगान, पी० ओ० न्यू बेरकपोर, वेस्ट बंगाल, न्यू बेरकपोर	30-11-93
13.	54546	श्री मंधाना लक्ष्मी नारायण, ए० सी०ए०, 14, सोवाराम बायसैक स्ट्रीट, पी० ओ० कलाकार स्ट्रीट, 3 फ्लोर, कलकत्ता—700 007	24-1-94
14.	55358	श्री बेहेरा अजया कुमार, ए० सी० ए०, स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि०, अलोय स्टील प्लांट, फाइनैन्स एण्ड एकाउन्ट्स डिपार्टमेन्टस, दुर्गापुर,—713 208	10-9-93
15.	55736	श्री भारतीया जितेन्द्रा कुमार, ए० सी० ए०, रचना अपार्टमेन्टस, पी-707, लेक टावन, ब्लोक ए 1 फ्लोर, कलकत्ता—700 089	31-12-93
16.	34777	श्री जुनेजा विवेक, ए० सी०ए० केयर आफ आर०एन० जुनेजा, फ्लेट 2/14,सी, आशा अपार्टमेन्ट, 93, देश प्राण साशमल रोड, कलकत्ता—700 033	1-1-94
17.	53616	श्री बालासुब्रिया महेश, एफ० सी० ए०, 32, हजरा स्ट्रीट, नार्थ ब्लाक, रूम नं० 663, 6 फ्लोर, कलकत्ता—700 033	14-12-93
18.	55312	श्री पटनायक गौर कृष्णा, ए० सी० ए०, 14, रूस्सा रोड, ईस्ट, सैकिंड लेन, कलकत्ता—700 033	17-12-93

1	2	3	4
19.	55945	श्री बसु तरुण, ए० सी० ए०, 10/1, मेहर लस्कर लेन, कलकत्ता 700 017	14-2-94
20.	56204	श्री अग्रवाला नारायण, ए० सी० ए०, गोल्फ ग्रीन फेज-1, फ्लैट नं० बी-8/3, कलकत्ता-700 045	2-2-94

ए० के० मजूमदार
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 25 अप्रैल 1994

सं० एन० 15/13/14/3/90- यो० एवं वि० (2):—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनियम, 1990 के विनियम 95क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा -46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1-5-1994 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95क तथा तमिलनाडू कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1954 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ तमिलनाडू राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किये जायेंगे।

अर्थात :

"जिला चेंगलपटटू एम० जी० आर० के तालुक गुमीडीपून्डी में राजस्व ग्राम चिन्थलाकुप्पम, कान्नमबुकुप्पम, पप्पनकु पेड्डीपम कुप्पम, पुराना गुमीडीपून्डी, पुडू (नया) गुमीडीपून्डी, पालेसवरन्कानडीगाई, कूवरीयापलायम, चियूरनाथ, सीरूलालपेटाई, पेरीयाग्रो बूलापुम, माटटम, नरसिंहपुरम, थूरापल्ल, चिन्नाग्रोबूलापुरम, थेरवजही, अत्तूपक्कम, चिन्नासोली यमबक्कम, पेरीयासोली यमबक्कम, ईनाडीमेलपक्कम, कुरूवातूचेरबी, नंगापल्लम, वरकाडू, किलमुदालामबेडू, थंदलाचेरी, और वेतनामाल्ली के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र"।

ओ० अब्दुल हमीद
निदेशक (यो० एव० वि०)

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 2 मई 1994

सं० एफ० पी० 1 (11)/93 कन्सोर/1574:—जहां मैसर्स कंटेनर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001, (कोड नं० ई०/डी०एस०-14380)—छूट ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 (1-सी) के अन्तर्गत कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम 1971 से छूट प्रदान करने के लिए अपने एक कर्मचारी श्री सन्तोष कुमार शर्मा, निदेशक वित्त (ई डी एल/14380/छूट/3044) के सम्बन्ध में आवेदन भेजा है।

चूंकि मैं, ब० ना० सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि भारत सरकार पेंशन नियम (सी० सी० पेंशन नियम) के अन्तर्गत परिवार पेंशन के रूप में लाभ जोकि उक्त स्थापना के इस कर्मचारी पर लागू है, कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम, 1971 के अन्तर्गत उपलब्ध लाभ से अधिक अनुकूल हैं।

उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1 सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं ब० ना० सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त स्थापना के कर्मचारी, जोकि उक्त स्थापना में आने से पूर्व केन्द्रीय सरकार की नौकरी में था, तथा सी० सी० एस पेंशन नियमों द्वारा शासित था, को निम्नलिखित शर्तों पर अधिसूचना के जारी होने के तिथि से या नौकरी की अन्तिम तिथि से, उन कर्मचारियों के संबंध में जो सरकार के 22-1-90 के आदेश के अनुसरण में 22-1-90 से 21-7-90 के बीच विकल्प देने के बाद सेवा निवृत हुए को कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम, 1971 के सभी उपबंधों को लागू करने से छूट प्रदान करता हूं।

1. यह कर्मचारी छूट की तिथि से कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम 1971 के अन्तर्गत किसी लाभ का पात्र नहीं होगा।

2. कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम, 1971 से छूट प्रदान करने के लिए एक बार दिया गया विकल्प अंतिम होगा।

3. उक्त कर्मचारी से संबंधित नियोक्ता क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को वे रिटर्न भेजेगा, वे लेखे तैयार करेगा और निरीक्षण करने के वे सुविधाएं देगा जिसे समय-समय पर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त निदेश करेगा।

ब० ना० सोम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

वास्तुकला परिषद

(वास्तुविद अधिनियम, 1972 के तहत निगमित)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 1994

वास्तुकला परिषद (वास्तुविद अधिनियम, 1972 के तहत निगमित) की 31 मार्च 1993 को समाप्त होने वाले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट: (1-4-1992 से 31-3-1993 तक)

वास्तुकला परिषद (वास्तुविद अधिनियम, 1972 के तहत निगमित) को 31 मार्च, 1993 को समाप्त होने वाले वर्ष की अपनी वार्षिक रिपोर्ट, लेखा परीक्षित लेखा-विवरण तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

I. वास्तुकला परिषद

आलोच्य वर्ष के दौरान वास्तुकला परिषद ने दो बैठकों का आयोजन किया। पहली बैठक हिमाचल प्रदेश सरकार के निमंत्रण पर दिनांक 7 सितम्बर, 1992 को फेयरलान्स, शिमला में और दूसरी मध्य प्रदेश सरकार के निमंत्रण पर 1 तथा 2 फरवरी, 1993 को भोपाल में संपन्न हुई। इन बैठकों में निम्नलिखित मुख्य मुद्दों के संबंध में निर्णय लिए गए:—

1. परिषद की 31 मार्च, 1993 को समाप्त होने वाली अवधि की वार्षिक रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षित लेखाविवरण का अनुमोदन।

2. वर्ष 1992-93 के लिए रु० 16,60,000/- (आवर्ती) तथा रु० 5,55,000/- (अनावर्ती) की राशि के बजट अनुमान का अनुमोदन।

3. वर्ष 1992–93 के लिए परिषद के लेखों की लेखापरीक्षा करने हेतु सर्वश्री रवि के० टंडन, सनदी लेखाकार, 2327, धर्मपुरा दिल्ली के श्री रवि के० टंडन की लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्ति । लेखा परीक्षा शुल्क 2500/– रु० निर्धारित किया गया ।

4. परिषद की सलाहकार समिति (अपील) की रिपोर्ट पर विचार एवं स्वीकृति ।

5. पंजीकृत वास्तुविदों के विरुद्ध व्यावसायिक कदाचार के संबंध में जनसाधारण/सरकारी एजेंसियों से प्राप्त शिकायतों पर विचार ।

6. वास्तुविदों के विरुद्ध लगाए गए व्यावसायिक कदाचार के आरोपों के संबंध में परिषद की अनुशासनिक समिति की रिपोर्ट पर विचार एवं उसकी स्वीकृति ।

7. वास्तुविद अधिनियम, 1972 के कुछ खंडों में किए गए संशोधनों का अनुमोदन और उन्हें भारत सरकार के अनुमोदनार्थ प्रेषित करना ।

8. पंजीकरण प्रमाण पत्र के वर्तमान फार्मेट में उपयुक्त ढंग से संशोधन करने के लिए परिषद के अध्यक्ष को प्राधिकृत करना तथा पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र की अनुलिपि जारी करने के संबंध में सी० ओ०ए० नियमों में निर्धारित फार्म सं० 12 एवं 13 के संशोधन हेतु केन्द्र सरकार से अनुमोदन प्राप्त करना ।

9. पी० आर० मेहता, वास्तुविद द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा वास्तुकला परिषद के विरुद्ध लगाए गए व्यावसायिक कदाचार संबंधी आरोपों के बारे में दायर शिकायत पर (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा वास्तुकला परिषद की अनुपस्थिति में) विस्तार-पूर्वक विचार किया गया लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा लगाए आरोपों से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वास्तुकला परिषद के विरुद्ध प्रत्यक्षत: कोई मामला सिद्ध नहीं हो सका ।

II. कार्यकारिणी समिति

आलोच्य वर्ष के दौरान परिषद् की कार्यकारिणी समिति की तीन बैठकें हुई । पहली बैठक दिनांक 10 जून, 1992 को दिल्ली में, दूसरी 6 सितम्बर, 1992 को शिमला में और तीसरी दिनांक 31 जनवरी, 1993 को होटल वैलेस भोपाल में आयोजित की गई । समिति ने निम्नलिखित मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया और आवश्यक समझा जाने पर परिषद् द्वारा इन मामलों के संबंध में निर्णय लेने के लिए सिफारिशें भी की :–

1. परिषद् में दफ्तरी के पद पर कार्यरत श्री बचन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया और श्री बचन सिंह के परिवार को उपयुक्त अनुग्रह राशि स्वीकृत करने के लिए अध्यक्ष को प्राधिकृत किया ।

स्वर्गीय श्री बचन सिंह के परिवार को 7000/- रुपये की राशि स्वीकृत एवं अदा की गई ।

2. श्री मदन लाल को रु० 1200–30–1560–द० रो०–40–2040 के वेतनमान में दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर आशुलिपिक के पद पर नियुक्त किया ।

3. श्री जगदीश चंद को रु० 950–20–1150–द० रो० 25–1500 के वेतनमान में दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा के आधार पर अवर श्रेणी लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया ।

4. भारत के वास्तुकला विद्यालयों के निरीक्षण से संबंधित विशेष समितियों द्वारा आलोच्य वर्ष के दौरान किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट पर विचार किया गया । परिषद् के लिए वर्ष 1992–93 के लिए रु० 16,60,000/–(आवर्ती) तथा रु० 5, 55, 000/– (अनावर्ती) की राशि के बजट अनुमान की सिफारिश की गई और इसके साथ ही साथ वर्ष 1993-94 के लिए रु० 14,75,000/– (आवर्ती) तथा रु० 8,75,000/- (अनावर्ती) की राशि के बजट अनुमान की भी सिफारिश की गई ।

अनुशासनिक समिति

आलोच्य वर्ष के दौरान अनुशासनिक समिति की तीन बैठकें हुई । पहली 4 सितम्बर, 1992 को नई दिल्ली में, दूसरी 26 सितम्बर, 1992 को बम्बई में तथा तीसरी 13 मार्च, 1993 को सर जे० जे० वास्तुकला महाविद्यालय में । इन बैठकों में परिषद द्वारा विस्तृत जांच – पड़ताल के लिए भेजे गए 14 मामलों पर समिति ने विचार किया । अनुशासनिक समिति ने कुल 14 मामलों में से 4 मामलों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की । परिषद् की अनुशासनिक समिति शेष मामलों के संबंध में जांच पड़ताल/सुनवाई जारी रखेगी । सुनवाई के दौरान समिति के सामने पेश होने वाले कुछ वास्तुविदों ने कुछ कानूनी मुद्दे उठाए और मामलों के स्थान की मांग की ।

IV. सलाहकार समिति (अपील)

सलाहकार समिति (अपील) की बैठक 25 जनवरी, 1993 को हुई और इस बैठक में समिति के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए 16 अपीलार्थियों को आमंत्रित किया गया । परिषद् की भोपाल में 1 फरवरी, 1993 को हुई बैठक में सलाहकार समिति (अपील) की रिपोर्ट विचारार्थ एवं स्वीकारार्थ पेश की गई ।

V. पंजीकरण

आलोच्य वर्ष के दौरान परिषद ने 1160 आवेदन प्राप्त किए । वास्तुविद अधिनियम, 1972 की धारा 25 (अ) के तहत 1134 आवेदन तथा धारा 25(ब) के तहत 26 आवेदन प्राप्त हुए । उपर्युक्त अधिनियम की धारा 25 (अ) के तहत 1094 व्यक्तियों और धारा 25 (ब) के 2 व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया । 18 आवेदन अस्वीकार कर दिए गए, क्योंकि ये आवेदन न तो धारा 25 (अ) के तहत पंजीकरण के योग्य पाए गए और न धारा 25 (ब) के तहत । शेष आवेदनों की छानबीन विभिन्न

VI. नवीकरण/पुनः स्थापन

अपने नामों को वास्तुविद् पंजिका में रखवाने के सम्बन्ध में परिषद् के द्वारा पंजीकृत वास्तुविदों से परिषद् को नवीकरण शुल्क के रूप में अच्छी प्राप्ति हुई। परिषद् द्वारा पंजीकृत वास्तुविदों में से कुछ वास्तुविदों से परिषद् को 5 से 10 वर्ष का नवीकरण शुल्क पेशगी भी प्राप्त हुआ।

VII. मेडम भीकाजी कामा भवन, नई दिल्ली में कार्यालय परिसर का कब्जा

दिल्ली विकास प्राधिकरण के पत्र सं० एफ-II(10)84/सी० एफ० दिनांक 29-11-1992 के अनुसार परिषद् ने 23 नवम्बर, 1992 को मेडम भीकाजी कामा भवन, नई दिल्ली में फ्लैट सं० 1007, टाइप-III, दसवीं मंजिल का कब्जा ले लिया है और बिजली/पानी के कनैक्शन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करना अभी शेष है। परिषद् द्वारा इस उद्देश्य के निमित्त रखी गई भवन निधि से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी० डी० ए०) का भुगतान किया जा चुका है।

VIII. भवन निधि

परिषद् ने अपने संसाधनों से भवन निधि के तहत 35 लाख रुपये जमा किए थे। इस राशि में से 16,46,766/ रुपये की राशि भीकाजी कामा भवन, नई दिल्ली में वाणिज्यिक फ्लैट के लिए डी० डी० ए० को तथा 29 लाख रुपए की राशि लोधी रोड़, नई दिल्ली में कार्यालयी स्थान के लिए इंडिया हैबीटाट सेंटर को अदा की गई थी।

IX. दायित्व

परिषद् पर भारत सरकार के रु० 1,50,000/ के ब्याज-मुक्त ऋण की वापसी का दायित्व है।

X. मृत्यु के कारण नामों का हटाना

आलोच्य वर्ष के दौरान निम्नलिखित वास्तुविदों के दुखद निधन पर परिषद् गहरा शोक व्यक्त करती है :—

वास्तुविद् का नाम	पंजीकरण सं०
सर्वश्री	
1. रामलाल लक्ष्मण नायक	सी० ए० /75/1536
2. जे० जी० बोडे	सी० ए० /75/1558
3. एच० जी० बनर्जी	सी० ए० /77/3624
4. यू० पी० घाटगे	सी० ए० /83/7662
5. पी० डी० मुंगेल	सी० ए० /85/8847
6. वी० बी० परहाते	सी० ए० /75/1141
7. एम० डब्ल्यू० इंदपवार	सी० ए० /75/1152
8. एम० के० दबे	सी० ए० /75/412
9. बिमल शर्मा	सी० ए० /75/1538
10. जे० एन० गुप्ता	सी० ए० /76/3142

XI. वास्तुविद् निर्देशिका

परिषद् ने पहली बार बृहत वास्तुविद् निर्देशिका प्रकाशित की है। इस निर्देशिका में केवल राज्य/शहरवार अकारादि क्रम में परिषद् द्वारा पंजीकृत वास्तुविदों की सूची ही नहीं दी गई है बल्कि वास्तुविद् अधिनियम, नियम, वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम स्तर संबंधी विनियम, वास्तुकला प्रतियोगिता संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांत, व्यावसायिक आचरण, विनियमों समेत परिषद् के प्रवेश भी दिए गए हैं। विनिर्माताओं, भवन सामग्री के पूर्ति करने वाले तथा भवन निर्माण क्षेत्र में कार्यरत अन्य संस्थाओं द्वारा उदारपूर्वक दी गई सहायता से ही इस निर्देशिका का प्रकाशन संभव हो पाया। वास्तुकला परिषद् के कार्यालय से यह निर्देशिका खरीदी जा सकती है। वास्तुविद् निर्देशिका की मानार्थ प्रतियां परिषद् के सभी सदस्यों, भारत में वास्तुकला विद्यालयों, भारतीय वास्तुविद् संस्था, IIए चेप्टर्स तथा पी० ई० ए० टी० ए, सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्षों तथा भवन निर्माण क्षेत्र में कार्यरत सरकारी विभागों को परिषद् द्वारा भेजी जा चुकी है।

XII. सी० ए० समाचार

सदस्यों को महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी देने तथा संबंधित मामलों के संबंध में सदस्यों की अन्योन्यक्रिया की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से आलोच्य अवधि के दौरान वास्तुकला परिषद् ने सी० ए० समाचार के दो और अंक प्रकाशित किए। परिषद् के सदस्यों, वास्तुकला विद्यालयों, सभी पंजीकृत वास्तुविदों, जिनकी संख्या लगभग 16000 है, और परिषद् की गतिविधियों में रुचि रखने वाले अन्य लोगों को सी० ए० समाचार के दोनों अंक प्रेषित किए गए। सी० ए० समाचार प्रकाशित करने के परिषद् के प्रयासों की प्रशंसा अधिकांश वास्तुविदों ने की है। वास्तुविदों की जानकारी के लिए सी० ए० समाचार के नियमित अंक कम से कम प्रतिवर्ष तीन प्रकाशित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

XIII. वास्तुकला विद्यालयों का निरीक्षण

परिषद् की कार्यकारिणी समिति द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने आलोच्य वर्ष के दौरान निम्नलिखित संस्थानों का निरीक्षण किया। जैसे-जैसे इन समितियों की रिपोर्टें प्राप्त हुई, वैसे-ही-वैसे समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर उपचारी कार्यवाही करने के लिए संबंधित प्राधिकारियों को प्रेषित की गई। रिपोर्टें कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को भी भेजी गई हैं :—

संस्थान का नाम	निरीक्षण की तिथि	विशेषज्ञों के नाम
1	2	3
1. वास्तुकला विभाग, रुड़की विश्वविद्यालय, तथा रुड़की	3-11-92 4-11-92	1. प्रो० एम० एम०राणा (संयोजक) 2. श्री जे०एम० बेंजामिन 3. श्री आदित्य प्रकाश
2. वास्तुकला विभाग, एम०एस० यूनिवर्सिटी आफ बड़ौदा, बड़ौदा	रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।	1. प्रो० एम०आर० अग्निहोत्री (संयोजक) 2. श्री हुसमुख पटेल

1	2	3	4
3.	वास्तुकला विभाग, रीजनल इंजीनियरिंग कालेज, तिरुचिरापल्ली	20-2-92 (जून, 93 में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई)	1. प्रो० एस०ए० दुंगडे (संयोजक) 2. श्री सी०एन० राघवेन्द्रन
4.	सुशांत कला तथा वास्तुकला विद्यालय, हरियाणा	20-10-92 तथा 21-10-92	1. श्री जसवीर सचदेव (संयोजक) 2. प्रो० एम० आर० अग्निहोत्री 3. श्री कुलभूषण जैन
5.	गोवा कालेज आफ आर्किटेक्चर, गोवा	20-10-92	1. प्रो० एस० ए० दुंगडे (संयोजक) 2. श्री एन०ए० बढेका 3. श्री ए०के०बिस्वाल
6.	वास्तुकला विभाग, टी०एम०के० कालेज आफ इंजीनियरिंग, कीलान (केरल)	11-3-93 तथा 12-3-93	1. श्री सी० एन० राघवेन्द्रन (संयोजक) 2. डा० के० एस० अनंत कृष्ण

XIV. सी० ओ० ए० और ए० आई०सी० टी० ई० के बीच समझौता ज्ञापन के तहत स्थापित अखिल भारतीय वास्तुकला अध्ययन मंडल'

सी० ओ० ए० और ए० आई० सी० टी० ई० के बीच हुए समझौते ज्ञापन के तहत अखिल भारतीय वास्तुकला तथा नगर योजना अध्ययन मंडल की बैठकें दिनांक 10 जून, 1992, 4 दिसम्बर, 1992 तथा 19 मार्च 1993 को नई दिल्ली में आयोजित की गई और इन बैठकों में पूर्व स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर वास्तुकला शिक्षा तथा संबद्ध विषयों के लिए नये संस्थानों के प्रारंभ करने संबंधी निम्नलिखित प्रस्तावों पर विस्तृत रूप से विचार किया गया :

1. हिन्ने स्त्री शिक्षण समस्ता कालेज आफ आर्किटेक्चर, पूणे;
2. एम० टी० बी० कालेज आफ आर्किटेक्चर, नंदुरबार, जिला – धुले (एम० एस०);
3. (अ) भारती विद्यापीठ कालेज आफ आर्किटेक्चर, कटराज-धन्कावाड़ी, पूणे;

   (ब) भारती विद्यापीठ कालेज आफ आर्किटेक्चर, सी० बी० डी०, नई बम्बई;
4. डा० डी० वाई० पाटिल कालेज आफ आर्किटेक्चर, सी० बी० डी०, नई बम्बई;
5. अजय बिनय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा प्रोम्मस पीलू मोदी कालेज आफ आर्किटेक्चर, कटक;
6. एस० ई० सी० ए० बी० एसोशिएशन, नौबाग, बीजापुर
7. बी० एल० डी० ई० एसोशिएशन, बीजापुर;
8. अधीयमान एजूकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशन,
9. योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम);
10. लेडी अमृतबाई डागा कालेज फार वूमेन, नागपुर;
11. जाकीर हुसैन कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालोजी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़;
12. हिंदुस्तान कालेज आफ इंजीनियरिंग, पदूर जिला चिंगलपुट;
13. मोहम्मद साथक ट्रस्ट, किलकराय;
14. भारत इंस्टीट्यूट आफ साईंस एंड टेक्नालोजी, सलाईपुर, ताम्बरम, मद्रास;
15. सत्यबामा इंजीनियरिंग कालेज, जपय्यार नगर, मद्रास;
16. अरुलमीगु मीनाक्षी अम्मन कालेज आफ इंजीनियरिंग, यदमावंडल, चय्यार तालुक, टी०एस० जिला, तमिलनाडु;
17. श्री० बी० बी० पाटिल ट्रस्ट अप्पासाहब कालेज आफ आर्किटेक्चर, सांगली (एम० एस०);
18. श्री सिद्धेश्वर शिक्षण मंडल कालेज आफ आर्किटेक्चर, सोलापुर (एम० एस०);
19. आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापटनम्;
20. चंडीगढ़ कालेज आफ आर्किटेक्चर (मास्टर आफ आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम) चंडीगढ़;
21. करुण्य इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी, करुण्य नगर, कोयम्बटूर;
22. विवेकानन्द इंस्टीट्यूट आफ, टेक्नालाजी, पूणे; और
23. बिरला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी, रांची।

वास्तुकला में पूर्व स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के इच्छुक प्राधिकारियों से प्रस्ताव लेना मंडल जारी रखे हुए है। सी० ओ० ए० और ए० आई० सी० टी० ई० के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के समय से ही परिषद् का सचिवालय इस अतिरिक्त भार को वहन कर रहा है। प्रत्येक प्रस्ताव के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की सहायता से मंडल ने उपर्युक्त प्रस्तावों में से अधिकांश प्रस्तावों का मूल्यांकन कर लिया है। अंत में मंडल ने ए० आई० सी० टी० ई० से निम्नलिखित प्रस्तावों के बारे में अनुमोदन देने की सिफारिश की :

1. हिन्ने स्त्री शिक्षण समस्ता कालेज आफ आर्किटेक्चर, पूणे;
2. एन० टी० बी० कालेज आफ आर्किटेक्चर; नंदुरबार, जिला धूले (एम० एस०);
3. भारती विद्यापीठ कालेज आफ आर्किटेक्चर, सी० बी० डी०, नई बम्बई;

4. डा० डी० वाई० पाटिल कालेज ऑफ आर्किटेक्चर, सी० बी० डी०, नई बम्बई;
5. अजय-विनय इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी द्वारा प्रोन्नत पीलू मोदी कालेज आफ आर्किटेक्चर, कटक;
6. अधीयमान एजूकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशन, मद्रास;
7. योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम);
8. लेडी अमृताबाई डागा कालेज फार वूमेन, नागपुर;
9. जाकीर हुसैन कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़;
10. हिंदुस्तान कालेज आफ इंजीनियरिंग, पदुर, जिला चिंगलपुट (तमिलनाडु);
11. मोहम्मद साथक ट्रस्ट, कीलकराय;
12. भारत इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड टेक्नालाजी, सलईपूर, ताम्बरम, मद्रास;
13. सत्यबामा इंजीनियरिंग कालेज, अप्पयार नगर, मद्रास;
14. अरूलमीगु मीनाक्षी अम्मन कालेज आफ इंजीनियरिंग, वदमावंडल, चय्यार तालुका, टी० एस० जिला, तमिलनाडु;
15. श्री वी० बी० पाटिल ट्रस्ट अप्पासाहब कालेज आफ आर्किटेक्चर, सांगली (एम० एस०);
16. श्री सिद्धेश्वर शिक्षण मंडल कालेज आफ आर्किटेक्चर, सोलापुर (एम० एस०);
17. आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापतनम;
18. करूण्य इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी, करूण्य नगर, कोयम्बटूर;
19. विवेकानन्द इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी, पूणे; और
20. बिरला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी, रांची।

XV. विदेशी नागरिकों का पंजीकरण

अधिनियम के अनुसार योग्यता रखने वाले अनेक विदेशी नागरिकों ने वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा 25 (अ) के तहत पंजीकरण कराने के लिए आवेदन दिए हैं अधिनियम के तहत इन विदेशी नागरिकों का पंजीकरण करने से पूर्व परिषद् ने अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए इन आवेदन पत्रों को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किया है। मामले को शीघ्र निपटाने के लिए मंत्रालय से संपर्क किया जा रहा है ताकि अधिनियम के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्यताएं रखने वाले इन विदेशी नागरिकों को पंजीकृत किया जा सके।

XVI. वास्तुविद् अधिनियम, 1972 में संशोधन

वास्तुकला परिषद् ने दिनांक 1 फरवरी, 1993 को भोपाल में हुई अपनी 25वीं बैठक में वास्तुविद् अधिनियम, 1972 के कुछ खंडों में संशोधन के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया और इस विचार-विमर्श के आधार पर वास्तुविद् अधिनियम, 1972 के उपबंध के कुछ खंडों में किए गए संशोधनों को परिषद् ने अनुमोदित किया। परिषद् द्वारा अनुमोदित संशोधन केन्द्र सरकार के अनुमोदनार्थ भेजे गए हैं।

VII. वास्तुकला परिषद् (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम

वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक संबंधी संशोधित प्रलेख मानव संसाधन विकास मंत्रालय में केंद्र सरकार के अनुमोदनार्थ भेजा गया है। केंद्र सरकार का अनुमोदन शीघ्र ही मिलने की संभावना है और तदुपरांत इसे लागू करने के लिए सरकारी राजपत्र में अधिसूचित करने के लिए भेजा जाएगा।

XVIII. विविध

वास्तुविदों की नियुक्ति, आबंध की शर्तों तथा शुल्क आदि के मान के संबंध में निजी, सरकारी तथा अर्धसरकारी संगठनों के ग्राहकों द्वारा मांगी गई अनेक प्रकार की जानकारी परिषद् देती रहती है। जब कभी प्रतियोगिताओं में डिजाइन प्रस्तुत करने के लिए अथवा वास्तुकला प्रतियोगिता के लिए वास्तुकला परिषद् द्वारा निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसरण करने के संबंध में मोहरबंद निविदाएं प्रस्तुत करने के लिए वास्तुविदों को आमंत्रित किया जाता है, उस समय परिषद् सार्वजनिक उपक्रमों तथा अन्य संगठनों का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करती रहती है और इस संबंध में उनका पूरा सहयोग लिया जाता है।

केंद्र सरकार के अधीन पदों एवं सेवाओं में भर्ती के लिए (परीक्षा द्वारा) भारतीय वास्तुविद् संस्थान की सह-सदस्यता को मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय की वास्तुकला में स्नातक उपाधि के बराबर मान्यता देने के केंद्र सरकार के निर्णय की सूचना परिषद् ने राज्य लोक सेवा आयोगों एवं राज्य सरकारों के प्राधिकारियों को दे दी है। परिषद् ने उनसे यह भी अनुरोध किया है कि वे इस योग्यता को अपने भर्ती नियमों में शामिल कर लें। इस पत्र की प्रति परिषद् का प्रतिनिधित्व करने वाली राज्य सरकारों के नामित व्यक्तियों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की गई है कि वे संबंधित सरकारों के साथ इस मामले की पैरवी करते हैं।

स्थान एवं अन्य सुविधाओं की कमियों के बावजूद वास्तुकला परिषद् का कार्यालय नदर्न चेप्टर, भारतीय वास्तुविद् संस्थान के परिसर से ही कार्य कर रहा है, क्योंकि कार्यालय के लिए दूसरा उपयुक्त भवन अभी भी निर्माण के अंतिम चरणों में है।

परिषद्/परिषद् की समितियों की बैठकें आयोजित करने के लिए दी गई सुविधाओं के निमित्त परिषद् निम्नलिखित संगठनों के प्रति आभार व्यक्त करती है :-

1. योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली
2. सर जे० जे० कालेज आफ आर्किटेक्चर, बम्बई
3. भारतीय वास्तुविद् संस्थान, बम्बई

4. पी० ई० ए० टी० ए०, बम्बई
5. हिमाचल प्रदेश सरकार
6. मध्य प्रदेश सरकार
7. हरियाणा सरकार
8. सर्वश्री स्टीन, दोशी, भल्ला, नई दिल्ली, और
9. भारतीय वास्तुविद् संस्थान (नदर्न चेप्टर), नई दिल्ली

आलोच्य वर्ष के दौरान जिन वास्तुकला विद्यालयों का निरीक्षण किया गया, है, उन सबके प्रति उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान दिए गए पूर्ण सहयोग के लिए परिषद् आभार प्रकट करती है। परिषद् उन विशेषज्ञों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करती है जिन्होंने आलोच्य वर्ष के दौरान वास्तुकला विद्यालयों का निरीक्षण किया है।

परिषद् अपने सेवा निवृत होने वाले सदस्यों और अपनी समितियों/उपसमितियों के साथ-साथ उन विशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों के प्रति परिषद् धन्यवाद ज्ञापित करती है जिन्होंने आलोच्य वर्ष के दौरान परिषद् के कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान एवं सहायता प्रदान की है।

इसके अतिरिक्त परिषद् भारतीय वास्तुविद् संस्था नई दिल्ली के नदर्न चेप्टर के प्रति विशेष रूप से आभार प्र ट करती है, क्योंकि उन्होंने वर्ष के दौरान अपने परिसर में परिषद् को कार्य करने की अनुमति दी।

परिषद् मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) भारत सरकार, शास्त्री भवन नई दिल्ली को भी वास्तुविद् अधिनियम, 1972 लागू करने में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देती है।

परिषद् अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली को दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देती है।

परिषद् सर्वश्री रवि के० टंडन, सनदी लेखाकार, नई दिल्ली के प्रति वर्ष के दौरान परिषद् के लेखों की लेखा परीक्षा करने में दी गई सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित करती है।

एस० के० रंजन
रजिस्ट्रार

रवि के० टण्डन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार
रवि के० टण्डन
एफ० सी० ए०, ए० एम० आई० एम० ए०

दिनांक 20 जुलाई, 1993

लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट

हमने वास्तुकला परिषद्, 8बी, शंकर मार्केट, कनाट सर्कस, नई दिल्ली, 31 मार्च, 1993 के संबंध तुलन-पत्र और इस तारीख को समाप्त वर्ष के आय-व्यय लेखे तथा हमें प्रस्तुत की गई लेखा-बहियां एवं वाउचरों की परीक्षा कर ली है। हम रिपोर्ट देते हैं कि :

(i) हमने वे सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए है जो हमारी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार लेखा-परीक्षा के लिये आवश्यक थे।

(ii) हमारी राय में तथा हमारे द्वारा की परीक्षा के अनुसार परिषद् द्वारा रखी गई लेखा-बहियां कानून की दृष्टि से सही हैं।

(iii) इस रिपोर्ट में दिया गया तुलन पत्र तथा आय-व्यय लेखा परिषद् लेखा की बहियों से मेल खाते हैं।

(iv) हमारी राय में, हमारी जानकारी और विश्वास तथा हमें जो सूचना एवं स्पष्टीकरण दिये गये हैं, उनके अनुसार उक्त लेखा विवरण—

(क) 31 मार्च, 1993 को परिषद् के कारोबार के तुलन-पत्र की दृष्टि से; और

(ख) उसी तारीख को समाप्त वर्ष के व्यय से अधिक आय के लाभ तथा व्यय लेखा की दृष्टि से स्थिति का सही एवं वास्तविक चित्र प्रस्तुत करते हैं।

कृते रवि के० टंडन एंड कं०
सनदी लेखाकार
ह०/—
(रवि के० टंडन स्वामी)
रवि के० टंडन एंड कं० सनदी लेखाकार
एफ० सी० ए०, ए० एम० आई० एम० ए०
दिनांक 20 जुलाई, 1993
वास्तुकला परिषद्
(वास्तुविद् अधिनियम, 1972 के तहत निगमित)
8—बी. शंकर मार्केट, कनाट सर्कस, नई दिल्ली—1

31 मार्च, 1993 को लेखा विवरण के रूप में लेखों सम्बन्धी टिप्पणियां

1. गत वर्ष के आंकड़ों को आवश्यक समझे जाने पर पुनर्वर्गीकृत एवं पुनर्व्यवस्थित किया गया है;
2. लेखा-बहियां मुख्यतः प्राप्ति आधार पर तैयार की गई है;
3. सामान्य रिजर्व से रु० 8,50,000 की राशि इण्डिया हेबीटाट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली की भवन निधि में स्थानान्तरित की गई है। आज के दिन तक कुल रु० 35,00,00 की राशि स्थानान्तरित की गई है।

कृते रवि के० टण्डन एण्ड कं०,
सनदी लेखाकार

परिषद् के लिये
तथा उसकी ओर से

ह०
(रवि के० टण्डन,)
स्वामी

ह०
(जे० आर० भल्ला)
अध्यक्ष

ह०
(अशोक यादव)
रजिस्ट्रार

वास्तुकला परिषद

(वास्तुविद, अधिनियम, 1972 के तहत निगमित)

31 मार्च 1993 को तुलन-पत्र

गत वर्ष	देयताएं		रकम	गत वर्ष	परिसम्पत्तियां		रकम
1196368.37	सामान्य रिजर्व			35341.44	नियत परिसम्पत्तियां		1676068.38
	1-4-92 को शेष	1196358.37			निवेश		
	जोड़ें: व्यय से अधिक आय	993338.90		819511.80	(I) दि० वि० प्रा० की स्वयं वि० यो० के तहत मेडम भीकाजी कामा भवन नई दिल्ली में (आवंटित) भवन	819511.80	
		2189697.27			जोड़ें: वर्ष के दौरान वृद्धि	827254.20	
	घटाएं इंडिया हेवीटाट सेंटर भवन निधि में स्थानांतरित राशि	850000.00	1339697.27			1646766.00	
	सी० ए० समाचार-पत्र (चंदा) निधि		3433.00		घटाएं : नियत परिसम्पत्तियों में स्थानांतरित राशि	1646766.00	
	भवन निधियां :						
1650000.00	(1) मेडम भीकाजी कामा भवन	1650000.00	2000000.00	2000000.00	(II) इंडिया हेवीटाट सेंटर, लोधी रोड नई दिल्ली में (आवंटित) भवन	2000000.00	
2650000.00	(2) इंडिया हेबीटाट सेंटर, लोदी रोड, नई दिल्ली				जोड़ें वर्ष के दौरान वृद्धि	900000.00	2900000.00
	1-4-92 को शेष	2650000.00		1953738.95	आवधिक जमा प्राप्तियां		1953738.95
	जोड़ें : वर्ष के दौरान स्थानांतरित	850000.00	3500000.00	47819.19	ऋण तथा पेशगियां		11331.19
	ऋण				रोकड़ तथा पेशगियां		
150000.00	भारत सरकार से ऋण		150000.00		(I) भा० स्टे० बैंक मुख्य शाखा		
	अन्य देयताएं			821925.12	चालू खाता 22/65334	624519.27	
10304.62	संगोष्ठी (अव्ययित) (गत वर्ष के अनुसार)		10304.62	77609.94	(II) सिंडीकेट बैंक, सुपर बाजार बिल्डिंग, कनाट सर्कस, नई दिल्ली चालू खाता 3370	102033.46	726552.73
99283.45	अव्ययित मूल्यांकन शुल्क		314256.36				
5755946.44			6967691.25	5755946.44			6967691

टिप्पणी : मेडम भीकाजी कामा भवन में भवन के लिए रु० 1646766/- नियत परिसम्पत्ति में स्थानातंरित किए गए हैं ।

दिनांक : 20 जुलाई, 1993

स्थान : नई दिल्ली

ह०/- (जे० आर० भल्ला) अध्यक्ष

ह./- (अशोक यादव) रजिस्ट्रार

कृते रवि के० टंडन एंड कं०
सनदी लेखाकार
ह.
(रवि० के० टंडन)
स्वामी

31 मार्च, 1993 को समाप्त होने वाले वर्ष का

आय-व्यय लेखा

गत वर्ष	विवरण		रकम	गत वर्ष	विवरण		रकम
5,50880.20	वेतन तथा स्थापना को		614668.50	1919793.35	प्राप्त किये गये शुल्क से		
8013.00	उपदान प्रावधान को		5618.00		पंजीकरण शुल्क (निवल) से	235000.00	
50956.42	मुद्रण तथा स्टेशनरी को		48343.17		नवीकरण शुल्क (निवल) से	1248811.00	
52520.00	अधिसूचना प्रभार को		—		पुनः स्थापन शुल्क (निवल) से	241230.00	
56486.05	डाक प्रभार (निवल) को		44453.85		अनुलिपि पंजीकरण प्रमाण पत्र शुल्क (निवल) से	4320.00	
33118.55	माल भत्ते को		67674.00		अतिरिक्त योग्यता शुल्क	70.00	
7759.00	सवारी किराया प्रभार को		10747.30		अन्य शुल्क	100.00	
38188.00	दूरभाष व्यय (निवल) को		47145.00				1739531.00
388.55	सफाई के सामान को		[371.15		प्रकाशनों की बिक्री से		6370.00
2571.95	जलपान प्रभार को		6244.85		आ० ज० प्रा० (सकल) पर ब्याज से		202185.90
1208.35	वर्दियों को		—		बैंक कमीशन (निवल) से		1589.10
5637.85	बिजली प्रभार को		6648.00	9500.00	सी० ए० समाचार पत्र (निवल) से		—
3433.30	बिजली के सामान को		818.75	79625.00	वास्तुविद निर्देशिका (निवल) से		—
—	जल प्रभार को		500.00		वास्तुविद निर्देशिका को		
1500.00	प्रकाशन प्रभार को		—	—	बिक्री से		83805.00
6246.93	विधि व्यय (निवल) को		4540.18				
10000.00	किराया को		20000.00				
4575.00	विधिक व्यय को		9900.00				
2000.00	लेखा परीक्षा शुल्क को		2000.00				
3813.80	कार्यालय पुस्तकों एवं पत्रिकाओं, समाचारपत्रों एवं पत्रिकाओं	3617.20					
	कार्यालय पुस्तकों को	490.17	4107.27				
6388.00	मरम्मत एवं रख-रखाव		6619.67				
—	वास्तुकला शिक्षा पर संगोष्ठी व्यय, कार्यशाला को		1905.60				
294.00	जनरेटर रख-रखाव को		—				
48502.00	आयकर अ० वर्ष 1993–94 को		67509.00				
1100.00	परामर्श शुल्क को		1100.00				
—	वास्तुविद निर्देशिका		60760.50				
—	बीमा किस्त को		1220.00				
9373.81	मूल्यह्रास						
	उपस्कर	6285.98					
	फर्नीचर	1151.22					
			7437.31				

46,609.01	सामान्य रिजर्व खाते में व्यय से अधिक आय को	9,93,338.00				
21,51,343.87		20,33,461.00	21,51,343.87			20,33,461.00

परिषद के लिये तथा उसकी ओर से

दिनांक 20 जुलाई, 1993
स्थान : नई दिल्ली

ह०
(जे० आर० भल्ला)
अध्यक्ष

ह०
अशोक यादव
रजिस्ट्रार

इसी तारीख की हमारी
अलग रिपोर्ट के अनुसार
कृते रवि के टण्डन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार
ह०
(रवि के० टण्डन)
स्वामी

31 मार्च, 1993 को अखिल भारतीय वास्तुकला एवं
नगर योजना अध्ययन मण्डल का प्राप्ति एवं भुगतान लेखा

गत वर्ष	प्राप्तियां	राशि	गत वर्ष	भुगतान		रकम
—	आदि शेष को	99,283.45	1,15,971.70	पूंजी व्यय से		
3,25,000.00	मूल्यांकन शुल्क को (23 संस्थायें प्रत्येक को 25,000/–	5,75,000.00		इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर	10,000.00	
				आटोमेटिक प्लेन पेपर प्रतिलिपित्र	1,00,000,00.00	1,10,000.00
				मूल्यांकन खर्च से		
			25,976.00	वेतन तथा स्थापना		40,783.00
			44,000.00	मानदेय		93,600.00
			21,133.85	यात्रा भत्ता		49,178.00
			13,750.00	सवारी किराया प्रभार		24,193.00
			1,722.50	दूरभाष व्यय		18,312.00
			—	मुद्रण तथा स्टेशनरी		14,585.60
			—	मरम्मत एवं रख रखाव		6,480.00
			1,000.00	जलपान प्रभार		1,888.50
			510.00	डाक शुल्क		395.00
			—	बैंक कमीशन		50.00
			652.50	विविध खर्च		41.50
			—	जनरेटर का रखरखाव		520.49
			99,283.45	तुलन पत्र में अव्ययित अग्रेनीत शेष		3,14,256.36
3,25,000.00		6,74,283.45	3,25,000.00			6,74,283.45

ए० आई० बी० एस० आई० ए० तथा टी० पी० के लिये एवं उनकी ओर से।

ह०
(जे० आर० भल्ला)
अध्यक्ष

ह०
(अशोक यादव)
सदस्य सचिव

इसी तारीख की हमारी अलग
रिपोर्ट के अनुसार
कृते रवि के० टण्डन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार
ह०
(रवि के० टंडन)
स्वामी

दिनांक: 20 जुलाई, 1993
स्थान : नई दिल्ली

रवि० के० टण्डन एण्ड कं०
समदी लेखाकार

रवि के० टण्डन,
एफ० सी० ए० ए० एम० आई०
एम० ए०,

दिनांक 20 जुलाई, 1993

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

हमने, "वास्तुकला परिषद्" अंशदायी भविष्य निधि लेखा, 8-बी, शंकर मार्केट, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001 के संलग्न तुलन-पत्र और हमें प्रस्तुत की गई लेखा-बहियां एवं वाउचरों की परीक्षा कर ली है। हम रिपोर्ट देते हैं कि :

1. हमने वे सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिये हैं जो हमारी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के लिये आवश्यक थे ;

2. हमारी राय में और बहियों की हमारी परीक्षा की दृष्टि से वास्तुकला परिषद् अंशदायी भविष्य निधि लेखा द्वारा रखी गई लेखा-बहियां कानून के अनुसार उचित हैं ;

3. इस रिपोर्ट में दिया गया तुलन-पत्र लेखा-बहियों से मेल खाता है; और

4. हमारी राय में, हमारी जानकारी और विश्वास तथा हमें जो सूचना एवं स्पष्टीकरण दिये गये हैं, उनके अनुसार उक्त लेखा-विवरण 31 मार्च, 1993 को कारोबार के तुलन-पत्र की दृष्टि से सही एवं वास्तविक चित्र प्रस्तुत करते हैं।

कृते रवि के० टण्डन एण्ड कं०,
समदी लेखाकार

(रवि के० टण्डन)
स्वामी

वास्तुकला परिषद्

(वास्तुविद् अधिनियम, 1972 के तहत निर्मित)

31 मार्च, 1993 को अंशदायी भविष्य निधि का तुलन-पत्र

गत वर्ष	देयतायें		राशि	गत वर्ष	परिसम्पत्तियां	राशि
	वास्तुकला परिषद्				निवेश	
1,37,050.00	सी० पी एफ अंशदान	1,37,050.00		4,44,145.00	सिंडिकेट बैंक में	
	जोड़ेः वर्ष के दौरान अंशदान	13,394.00			आवधिक जमा	4,86,545.00
	जोड़े : सी० पी० एफ० अंशदान पर ब्याज	16,448.00	1,66,892.00	3,595.00	ऋण तथा पेशगियां	
					सी० पी० एफ० पेशगियां	9,965.00
1,18,873.00	सी० पी० एफ० अंशदान	1,18,873.00			रोकड़ तथा बैंक शेष	
	जोड़े : वर्ष के दौरान चन्दा	13,806.00		23,148.51	सिण्डीकेट बैंक में खाता सं० 30554	76,969.71
	जोड़े : सी० पी० एफ० चन्दे पर ब्याज	13,974.00				
	जोड़े : सी० पी० एफ० पेशगी पर ब्याज	920.00	1,47,573.00			
2,14,965.51	रिजर्व निधि					
	प्रारंभिक शेष	2,14,965.51				
	जोड़े : बचत खाते पर ब्याज	1,348.00				
	जोड़ेः आवधिक जमा पर ब्याज	42,701.20	25,9,014.71			
4,70,888.51			5,73,479.71	470888.51		5,73,479.71

कृते रवि के० एण्ड क०
सनदी लेखाकार
ह०/–
(रवि के० टंडन)
स्वामी

परिषद् के लिये तथा उसकी ओर

दिनांक: 20 जुलाई, 1993
स्थान : नई दिल्ली

ह०/–
(के० आर० भल्ला)
अध्यक्ष

ह०/–
(अशोक यादव)
रजिस्ट्रार

31 मार्च 1993 को समाप्त होने वाले वर्ष का अंशदायी भविष्य निधि
प्राप्तियां एवं भुगतान लेखा

गत वर्ष	प्राप्तियां		राशि	गत वर्ष	भुगतान	राशि
	आदि शेष				आवधिक जमा	
55693.07	सिण्डीकेट बैंक में अंशदान		23148.51	222445.00	वर्ष के दौरान खरीद तथा नवीकृत	244100.00
				4920.00	अंशदायी भविष्य निधि पेशगियां	12360.00
16564.00	कर्मचारी का चन्दा		13806.00	25000.00	अंशदायी भविष्य निधि से लौटायी जाने वाली वापसी	—
15268.00	परिषद् का अंशदान		13394.00			
8865.00	पेशगी की वसूली		5990.00		सेवा निवृत्ति एवं मृत्यु पर भविष्य निधि का भुगतान	—
41170.44	आवधिक जमा पर ब्याज			27724.00	कर्मचारी का चन्दा	—
	सकल	44051.20		18599.00	परिषद् का अंशदान	—
	घटायें: आय स्रोत पर कर—कटौती	1350.00	42701.20		शेष	
				23148.51	सिण्डीकेट बैंक में खाता सं० 30554	76969.71
1312.00	बचत खाते पर ब्याज		1348.00			
1155.00	अंशदायी भविष्य निधि पेशगी पर ब्याज		920.00			
51100.00	आवधिक जमा (वर्ष के दौरान परिपक्व)		201700.00			
	प्राप्त ब्याज					
15098.00	कर्मचारी के चन्दे पर		13974.00			
15281.00	परिषद् के अंशदान पर		16448.00			
321836.51			333429.71	321836.51		333429.71

परिषद् के लिये और उसकी ओर से

दिनांक: 20 जुलाई, 1993
स्थान: नई दिल्ली

ह०/—
(जे० आर० मल्ला)
अध्यक्ष

ह०/—
(अशोक यादव)
रजिस्ट्रार

इसी तारीख की हमारी अलग रिपोर्ट के अनुसार
कृते रवि० के० टंडन एण्ड कं०,
सनदी लेखाकार

ह०/—
(रवि० के० टंडन)
स्वामी

रवि० के० टंडन, एण्ड कं०,
सनदी लेखाकार

रवि० के० टंडन,
एफ० सी० ए०, ए० एम०
आई० एम० ए०,
दिनांक : 20 जुलाई, 1993

लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट

हमने "वास्तुकला परिषद्" उपदान निधि, 8—बी, शंकर मार्केट, कनाट सर्कस, नई दिल्ली,—110001 के संलग्न तुलन—पत्र और हमें प्रस्तुत की गई लेखा—बहियों एवं वाउचरों की परीक्षा कर ली है। हम रिपोर्ट देते हैं कि :

1. हमने वे सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिये है जो हमारी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार लेखा-परीक्षा के लिये आवश्यक थे;

2. हमारी राय में और बहियों की हमारी परीक्षा की दृष्टि से वास्तुकला परिषद उपदान निधि द्वारा रखी गई लेखा-बहियां कानून के अनुसार उचित हैं ;

3. इस रिपोर्ट में दिया गया तुलन-पत्र लेखा-बहियों से मेल खाता है; और

4. हमारी राय में, हमारी जानकारी और विश्वास तथा हमें जो सूचना एवं स्पष्टीकरण दिये गये हैं उनके अनुसार उक्त लेखा—विवरण में 31—3—1993 को परिषद के कारोबार के तुलन-पत्र की दृष्टि से सही एवं वास्तविक चित्र प्रस्तुत किया गया है।

कृते रवि के टंडन एण्ड कं०,
सनदी लेखाकार
ह०/—
(रवि के० टंडन,)
स्वामी

वास्तुकला परिषद्

(वास्तुविद् अधिनियम 1972 के तहत निर्मित)

31 मार्च, 1993 को तुलन-पत्र

(उपदान निधि)

गत वर्ष	देयतायें		राशि	गत वर्ष	परिसम्पत्तियां		राशि
	उपदान निधि			17073.50	निवेश		
					सिण्डीकेट बैंक में आवधिक जमा		
	आदि शेष				ए-985584/7728	5000.00	
	जोड़ें : वर्ष के दौरान वृद्धि	11638.00			डी-0968170/16596	6073.50	
	घटायें: वर्ष के दौरान निकाली गई राशि	11638.00					11073.50
27958.27	रिजर्व निधि			10884.77	रोकड़ तथा बैंक शेष		
	आदि शेष	27958.27			सिण्डीकेट बैंक खाता सं० 35584		12217.17
	जोड़ें: एफ० डी० आर० पर ब्याज	1310.40					
	घटायें: टी० डी० एस०	40.00	1270.40				
	जोड़ें: बचत खाते पर ब्याज	72.00					
		29300.67					
	घटायें: वर्ष के दौरान उपदान का भुगतान करने के लिए निकाली गई राशि	6010.00	23290.67				
27958.27			23290.67	27958.27			23290.67

परिषद् के लिए और उसकी ओर से

दिनांक : 20 जुलाई, 1993
स्थान : नई दिल्ली

ह०
(जे० आर० भल्ला)
अध्यक्ष

ह०
(अशोक यादव)
रजिस्ट्रार

टिप्पणियां : 1. उपदान के भुगतान के कारण उपदान निधि की कमी पूरी करने के लिए रिजर्व निधि से रु० 6010/— की राशि उपदान निधि में स्थानांतरित की गई है।

2. एफ० डी० आर० पर ब्याज प्राप्ति के आधार पर लगाया गया है।

कृते रवि के० टण्डन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार
ह०
(रवि० के० टण्डन)
स्वामी

भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

संस्कृति विभाग

रामपुर रजा पुस्तकालय, बोर्ड, रामपुर

रामपुर-244901, दिनांक 16 मई 1994

संख्या एक 8-4/आर. आर. एल./84—रामपुर रजा पुस्तकालय अधिनियम, 1975 (संख्या 22 वर्ष 1975) की धारा 28 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये रामपुर रजा पुस्तकालय समिति बोर्ड, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के साथ एतद्द्वारा निमनलिखित विनियम बनाती है ।

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) ये विनियम रामपुर रजा पुस्तकालय सेवा विनियम, 1994 कहलायेंगे ।

2. विनियमों का लागू होना :—ये विनियम रामपुर रजा पुस्तकालय की तिथि से लागू होंगे ।

2. विनियमों का लागू होना :—ये विनियम रामपुर रजा पुस्तकालय, बोर्ड के अंतर्गत सभी कर्मचारियों पर लागू होंगे, परन्तु ये विनियम उन व्यक्तियों पर लागू नहीं होंगे जो—

(क) पूर्ण कालिक बोर्ड की सेवा में न हों ।

(ख) जो दैनिक वेतन पर कार्य करते हों ।

(ग) वह व्यक्ति जिनकी सेवायें राजकीय कार्यालयों या अन्य संस्थाओं से अस्थाई रूप से ली गई है । जब तक कि सम्बन्धित व्यक्ति अस्थाई रूप से भेजने वाले प्राधिकारी के अनुमोदन से उन विनियमों को धारण करने का विकल्प नहीं चुनता है ।

(घ) जिनकी सेवायें विशेष संविदा के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ नियोजित होती है जब तक कि संबन्धित व्यक्ति इन विनियमों का पालन करना स्वीकार नहीं करता है ।

3. परिभाषाएं :—इन विनियमों में जब तक सन्दर्भ के अनुसार अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "अधिनियम" से तात्पर्य है, रामपुर रजा पुस्तकालय अधिनियम, 1975 (सं 22 वर्ष 1975) ।

(ख) "नियुक्ति प्राधिकारी", किसी पद के संबंध से तात्पर्य है, सक्षम प्राधिकारी जो विनियम 6 के अंतर्गत नियुक्ति कर सकने में सक्षम हो ।

(ग) "बोर्ड" से तात्पर्य है, रामपुर रजा पुस्तकालय बोर्ड ।

(घ) "अध्यक्ष" से तात्पर्य है, बोर्ड का अध्यक्ष ।

(ङ) "निदेशक" से तात्पर्य है, पुस्तकालय का निदेशक ।

(च) "सरकार" से तात्पर्य है, भारत सरकार ।

(छ) "नियमावली" से तात्पर्य है, रामपुर रजा पुस्तकालय, नियमावली-1975 ।

(ज) "अनुसूची" से तात्पर्य है, अनुसूची जो कि इन विनियमों के साथ संलग्न है ।

(झ) "उपाध्यक्ष" से तात्पर्य है, बोर्ड का उपाध्यक्ष ।

4. पदों का सृजन :—केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित अधिनियम के प्रावधानों द्वारा और प्रतिबन्धों के अंतर्गत, बोर्ड—

(क) वर्ग "ख", "ग" और "घ" के ऐसे पदों को सृजित कर सकता है जो पुस्तकालय के प्रबन्ध के लिये ( ) स्थाई व अस्थाई दोनों प्रकार के जरूरी हों और वर्ग (क) के ऐसे पदों का सृजन कर सकता है जिनका वेतनमान निर्धारित है, किन्तु ऐसे वेतनमान के पदों के लिए जिसकी अधिकतम सीमा प्रतिमास 4500/- से अधिक होगी सरकार से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

(ख) ऐसे पदों का ग्रेड, वेतनमान और भत्ता का निर्धारण या फेर बदले करना :—बशर्ते कि ऐसे वेतनमान तथा भत्ता किसी भी दशा में उन पदों के मुकाबले अच्छा नहीं होगा जो केन्द्रीय सरकार के तुलनात्मक पदों या जो केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत आते है, और पहले केन्द्रीय सरकार से ऐसे पदों के सृजन के लिये अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया हो । जिनका वेतनमान अधिकतम 4500/- रुपये प्रतिमास से अधिक न होगा ।

(ग) पदों की संख्या को सुनिश्चित करना और यह निर्धारण करना कि कोई पद अस्थाई या स्थायी होगा । अस्थाई रूप से सृजित होने वाले पद की सेवा अवधि को उल्लिखित करना । विभिन्न प्रकार के पदों से संबंधित कर्तव्य सुनिश्चित करना ।

5. पदों का वर्गीकरण :—जैसा कि प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट कर दिया गया है । पुस्तकालय के पदों का वर्गीकरण निम्नलिखित श्रेणियों में होगा :—

पद जिसका वेतन या वेतनमान अधिकृत एवं पदों का वर्गीकरण	
रुपये 4000/- और ऊपर	वर्ग "क"
रुपये 2900/- से 3,999 तक	वर्ग "ख"
रुपये 1,151 से 2,899 तक	वर्ग "ग"
रुपये 1,150/- तक	वर्ग "घ"

इसके अतिरिक्त उन सेवानिवृत कर्मचारियों के मामले में, जिनकी सेवाएं एक करार के आधार पर ली गई है और जो अपने मासिक वेतन के अतिरिक्त पेंशन भी लेते हों उनका वर्गीकरण कुल पेंशन और वेतनमान के आधार पर होगा ।

स्पष्टीकरण :—किसी पद के वर्गीकरण के उद्देश्य से वेतन का तात्पर्य नियमानुसार मूल वेतन से होगा ।

मूल वेतन में विशेष वेतन, व्यक्तिगत योग्यता के आधार के स्वीकृत वेतन, किसी कर्मचारी की मौलिक अथवा स्थानापन्न रूप में स्वीकृत वेतन और वेतन जो वह किन्हीं भी कारणों से अपने संवर्ग में पाने का पात्र हो, वह मूल वेतन की गणना में सम्मिलित नहीं होगा ।

6. नियुक्ति प्राधिकारी :—बोर्ड के अधीन किसी भी पद पर नियुक्ति नियमानुसार की जायेगी :—

(क) वर्ग "क" और "ख" के लिये बोर्ड द्वारा ।

(ख) वर्ग "ग" और "घ" के लिये निदेशक द्वारा ।

7. "1" भर्ती प्रक्रिया :—बोर्ड के अधीन पदों पर भर्ती इस प्रकार की जायेगी—

(क) प्रोन्नति द्वारा ।

(ख) सीधी भर्ती द्वारा ।

(ग) राज्य अथवा केन्द्र सरकार से अथवा अर्धसरकारी संगठनों अथवा अन्य विधिक निकायों से प्रतिनियुक्ति अथवा स्थानान्तरण द्वारा ।

(घ) पारस्परिक सहमति, शर्तों और सेवा शर्तों द्वारा करार पर ।

"2" वर्ग क, ख, ग, तथा घ के जब भी रिक्त पद सीधी भर्ती द्वारा भरे जायेंगे, निम्न प्रक्रिया अपनाई जायेगी :—

(क) वर्ग "क" और "ख" के पदों की रिक्तियां समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई जायेंगी ।

(ख) वर्ग "ग" और "घ" की रिक्तियां रोजगार कार्यालयों को दी जायेंगी और रोजगार कार्यालय द्वारा जब इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जायेगा कि अभी उनके पास कर्मचारी नहीं है तो ये समाचार पत्र में प्रकाशित कर दी जायेगी ।

8. प्रोन्नति द्वारा भर्ती :—(अ) प्रोन्नति द्वारा किसी पद पर नियुक्ति द्वितीय अनुसूची के अनुसार होगी । (ब) जैसा कि तृतीय अनुसूची में कहा गया है कि पदोन्नति या तो वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर होगी या चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत बनी प्रक्रिया योग्यता सूची के आधार पर अथवा विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश पर होगी ।

9. प्रत्यक्ष भर्ती :—द्वितीय अनुसूची के अनुसार किसी भी पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति होगी और तृतीय अनुसूची में दिये अनुसार चयन समिति की सिफारिशों पर भर्ती होगी ।

(अ) उन अभ्यर्थीगण में जिन्होंने किसी विज्ञापन के अंतर्गत प्रार्थना पत्र दिया हो, या

(ब) उन अभ्यर्थीगण में से जो रोजगार कार्यालय से मांगे जाने, रोजगार अधिकारी ने जिनको भेजे हों या

(स) उन अभ्यर्थीगण में से जो सरकारों, स्वायत्त संस्थान या विधिक संगठन के कर्मचारी हों जिन्होंने किसी परिपत्र के अनुपालन में प्रार्थना पत्र दिया है ।

10. गृहीत कर्मचारी की नियुक्ति :—गृहीत कर्मचारी किसी भी पद पर स्थानान्तरण के आधार पर या या प्रतिनियुक्ति के रूप में चयन समिति के अनुमोदन पर ऐसी शर्तों के आधार पर जो बोर्ड तथा ऋण अधिकारी के मध्य सहमति से विनियम के उपबन्ध के उप नियम (ग) के अंतर्गत नियुक्ति की जा सकती है ।

11. पदोन्नति सम्भव न हो सकने पर अन्य विधि द्वारा भर्ती :—यदि बोर्ड इस बात को सत्यापित करता है कि कोई भी अभ्यर्थी पदोन्नति देने के योग्य नहीं है, या उन्नति देने के योग्य नहीं है, तो उन पदों को जो विभागीय उन्नति के लिये सुरक्षित है, प्रत्यक्ष रूप से भर्ती करने या किसी अन्य संस्थान से स्थानान्तरण द्वारा आये कर्मचारी में से भर्ती कर दी जायेगी ।

12. योग्यताएं :—किसी भी पद पर नियुक्ति हेतु योग्यता वही होगी जो संबंधित पद हेतु द्वितीय अनुसूची में निर्धारित की गई है, किन्तु अधिक योग्य अभ्यर्थी होने की दशा में विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति की सिफारिश पर बोर्ड निर्धारित योग्यता में छूट प्रदान कर सकता है ।

13. आयु :—वर्ग "ग" तथा "घ" में दिये गये पदों में सीधे भर्ती के समय आयु कम से कम 18 वर्ष और अधिक से अधिक 35 वर्ष होगी । दूसरे वर्गों में दिये पदों की आयु सीमा वह होगी जो द्वितीय अनुसूची में निर्धारित कर दी गई है तथापि अभ्यर्थी के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के होने की दशा में आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट होगी, और ऐसे ही अन्य श्रेणी के लोग जिन्हें भारत सरकार ने समय-समय पर निर्दिष्ट कर दिया है उनके लिये भी यह छूट होगी नये नियुक्त हुये कर्मचारी अपनी नियुक्ति के समय अपनी जन्म-तिथि के लिये साक्ष्य उपस्थित करेगा ।

14. आरंभिक नियुक्ति समय शारीरिक आरोग्यता :—कोई भी व्यक्ति किसी पद पर सीधी भर्ती से तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि वह :—

(अ) वह व्यक्ति जो तीन महीने से कम की अवधि के अनुसार क चिकित्सा जांच में स्वस्थ घोषित कर दिया गया हो । वर्ग "क" और "ख" के कर्मचारियों की जांच राज्य या केन्द्रीय सरकार के मुख्य चिकित्साधिकारी/अधीक्षक तथा वर्ग "ग" और "घ" के कर्मचारियों की जांच उस चिकित्साधिकारी द्वारा की जायेगी जिसको बोर्ड इस विषय में विनिर्दिष्ट करें ।

टिप्पणी :—निम्नलिखित वर्ग के नियुक्ति के समय चिकित्सा स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने से मुक्त है ।

(अ) वह व्यक्ति जो तीन महीने से कम की अवधि के लिये अस्थाई पद पर नियुक्त किये गये हों ।

(ब) सेवा निवृत कर्मचारी जो सेवा निवृत होने के तुरन्त पश्चात् दोबारा नियुक्त किया गया हो ।

(स) कर्मचारी जिसकी चिकित्सा जांच पहले से ही किसी निम्न पद या उसके समान किसी पद पर हो चुकी है ।

(द) वह व्यक्ति जिसके विषय में बोर्ड लिखित कारणों से लिखित रूप से इस नियम के लागू होने में छूट प्रदान करें ।

15. चरित्र तथा पूर्ववृत्त का सत्यापन :—किसी भी व्यक्ति की नियुक्ति उस समय तक किसी पद पर सीधे रूप से नहीं की जा सकती जब तक कि वह भारत सरकार के द्वारा समय-समय पर जारी नियमों के अनुसार उसके चरित्र तथा आचरण का सत्यापन विस्तृत रूप से नहीं हो जाये ।

16. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सेवकों आदि के लिये विशेष प्रतिनिधित्व :—अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा भूतपूर्व सेवकों के लिये रिक्त स्थान भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये नियमों के अनुसार आरक्षित किये जायेंगे ।

17. अयोग्यता :—इन अधिनियमों के अधीन कोई भी व्यक्ति नियुक्त किये जाने के योग्य नहीं होगा जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से शादी की है या शादी करने का करार किया है । जिसका एक पति/पत्नी, जीवित हो या जिसको पत्नी/पति होते हुए किसी दूसरे से शादी करती/करता है या शादी करने का करार किया है । यदि बोर्ड इस बात से संतुष्ट हो जाये कि की गई ऐसी शादी उसके व्यक्तिगत कानून के अधीन है जो उस पर तथा शादी के द्वितीय पक्ष पर भी लागू है तथा ऐसा करने के दूसरे कारण भी हैं जो किसी भी व्यक्ति को इस प्रदत्त अधिनियम से छूट प्रदान करने योग्य हैं, तो ऐसी छूट बोर्ड द्वारा ही प्रदान की जा सकती है ।

18. पदावधि :—सभी नियुक्तियां उस तिथि से प्रभावी होंगी जिस तिथि से कर्मचारी नियुक्त ने अपना कार्यभार ग्रहण किया है ।

19. परिवीक्षा तथा परिवीक्षा की समाप्ति :—(क) प्रत्येक वह व्यक्ति जो बोर्ड के अधीन किसी भी पद पर नियुक्त हुआ है चाहे उसकी नियुक्ति पदोन्नति से हुई हो या वह सीधी भर्ती से नियुक्त हुआ हो वह दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर होगा, किन्तु नियुक्ति प्राधिकारी किन्हीं लिखित कारणों से किसी व्यक्तिगत मामले में परिवीक्षा की अवधि को घटा-बढ़ा सकता है । जिसकी अवधि एक वर्ष से अधिक न होगी ।

(ख) जब कोई व्यक्ति बोर्ड के अधीन किसी पद पर परिवीक्षा पर नियुक्त हुआ है और वह व्यक्ति इस परिवीक्षा की अवधि के बीच इस पद पर रहने के अयोग्य पाया जाए या उसने सन्तोषजनक रूप से इस परिवीक्षा की अवधि को पूरा नहीं किया हो तो नियुक्ति प्राधिकारी ऐसी दशा में यदि :—

(अ) वह व्यक्ति पदोन्नति से नियुक्त किया गया हो तो उसको तुरन्त उसी पद पर प्रतिवर्तित कर दिया जायेगा जिस पद पर नियुक्ति करते समय वह नियुक्त था, और

(ब) वह व्यक्ति जो सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त हुआ हो उसकी सेवायें बोर्ड द्वारा बिना नोटिस के समाप्त कर दी जायेंगी ।

20. अस्थाई तथा स्थाई सेवाएं 3-(अ) कर्मचारी जो बोर्ड के अधीन किसी पद पर प्रथम नियुक्ति पर आया हो, वह अस्थाई कर्मचारी माना जाएगा और उस समय तक अस्थाई कर्मचारी रहेगा जब तक कि वह बोर्ड के अधीन किसी स्थाई पद पर वास्तविक रूप से नियुक्त न कर दिया जाए ।

(ब) एक कर्मचारी जो वास्तविक रूप से बोर्ड के अधीन किसी स्थाई पद पर नियुक्त हुआ है, वह बोर्ड का स्थाई कर्मचारी होगा ।

21. मौलिक नियुक्ति :—(क) समस्त मौलिक नियुक्तियां वरिष्ठता के अनुक्रम में आवश्यक विचारोपरान्त गुणाक्रम के आधार पर होंगी ।

(ख) कोई भी कर्मचारी किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त नहीं होगा जब तक कि—

(अ) ऐसा पद स्थाई हो और कोई भी अन्य व्यक्ति उस पद पर वास्तविक रूप से नियुक्त न हुआ हो ।

(ब) उसने संतुष्ट रूप से परिवीक्षा काल की अवधि या परिवीक्षा की बढ़ाई हुई अवधि पूरी न कर ली हो ।

(ग) किसी भी तिथि से उसे पूर्वव्यापी कार्य को देखते हुए वास्तविक नियुक्तियां होंगी बशर्ते कि :—

(अ) स्थाई रिक्ति की तिथि से या उससे पूर्व की तिथि से स्थाई पद विद्यमान हो तथा रिक्त हो ।

(ब) वह संबंधित कर्मचारी जो तत्संबंधी तिथि पर कार्यरत था । अन्यथा वह कर्मचारी जो केवल अस्थाई रूप से कार्य कर रहा था या उस पर कार्य कर चुका था या यदि वह उच्च पद पर नियुक्त न किया गया होता तो उस पद पर कार्य करता रहता ।

(स) चयन पद पर होने की दशा में संबंधित कर्मचारी का संबंधित तिथि से पूर्व ही उसका चयन पद पर कर लिया गया हो तथा वह पहले ही स्थानापन्न (स्थानापन्न) रूप में पद पर अस्थाई प्रबंध के लिए सेवा कर चुका हो या वह उस पद पर कार्य करता रहता यदि स्थानापन्न पद पर नियुक्ति न पाया होता ।

(द) नियमित नियुक्ति तथा अन्य समस्त स्थाई नियुक्ति की अपेक्षाओं से पूर्व संतुष्टि हो गई हो ।

(घ) त्रुटिपूर्ण रूप से की गई मौलिक नियुक्ति :—रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए मौलिक नियुक्ति के आदेश जो संबंधित नियमों या प्रशासनिक निदेशों के प्रतिकूल है; सक्षम अधिकारी द्वारा तत्काल निरस्त कर दिए जाएंगे किन्तु प्रभावित कर्मचारी को उसकी मौलिक नियुक्ति से हटाने से पहले उसको कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा ।

22. कर्मचारीगण को मानदेय, विशेष वेतन व्यक्तिगत वेतन का भुगतान :—बोर्ड किसी भी कर्मचारी को किसी विशेष परिस्थिति में विशेष वेतन, व्यक्तिगत वेतन; मानदेय अथवा अन्य किसी प्रकार की फीस आदि स्वीकृत कर सकता है बशर्ते कि वह नियमानुसार हों ।

किन्तु यदि उस उद्देश्य के लिए केन्द्रीय सरकार से किसी फण्ड की आवश्यकता पड़ती है तो वह ऐसे भुगतान, मानदेय भुगतान के लिए केन्द्रीय सरकार से पूर्व अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा ।

23. सेवा की समाप्ति :—(क) नियुक्ति करने वाला प्राधिकृत अधिकारी किसी भी समय नोटिस देकर बगैर कारण बताए कर्मचारी की सेवा, किसी भी समय उसको एक मास का वेतन और भत्ता का भुगतान करके या किसी ऐसी अवधि के वेतन का भुगतान जिसकी अवधि नोटिस में एक मास से कम हो, समाप्त कर सकता है ।

(ख) बिना पूर्वाग्रह के उप नियम (1) के अनुसार अस्थाई कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी जाएगी ।

(अ) यदि उसकी नियुक्ति किसी नियत अवधि के लिए हुई है तब वह अवधि समाप्त होने पर जब तक कि उसकी नियुक्ति की अवधि और अधिक बढ़ा न दी गई हो ।

(ग) यदि मौलिक रूप से नियुक्ति का पद समाप्त हो जाता है तो स्थाई कर्मचारी की सेवा तीन मास का नोटिस देकर या ऐसी अवधि का वेतन देकर जिससे नोटिस की अवधि तीन मास से कम पड़ती हो, या उस पद का तीन महीने का वेतन देकर समाप्त की जा सकती है ।

(घ) जब किसी कर्मचारी को उप विनियम (3) के अधीन सेवा समाप्ति का नोटिस दिया गया हो उसको नोटिस की अवधि के दौरान का अर्जित अवकाश देय होगा और जब कभी ऐसा अवकाश देय है, और स्वीकृति अवधि 3 मास से अधिक हो तो इसकी सेवाएं ऐसी अवधि की समाप्ति की तिथि से समाप्त होंगी ।

24. सेवा निवृत्ति :—(क) बोर्ड का कोई भी कर्मचारी बोर्ड की सेवा से इन दशाओं में सेवा निवृत्त होगा :

(अ) ऐसी दशा में जबकि इन नियमों के राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से पहले से पुस्तकालय के कर्मचारियों की श्रेणी में सम्मिलित हो और उसने 60 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो ।

(ब) अन्य मामलों में वर्ग "क" व "ख" और "ग" के विषय में व अट्ठावन वर्ष की आयु पूर्ण होने पर तथा वर्ग "घ" के कर्मचारियों के संबंध में 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर ।

(स) इस विषय में उस सेवा के लिए बोर्ड के द्वारा निर्धारित मेडीकल बोर्ड द्वारा अयोग्य घोषित कर दिया गया हो ।

(द) दण्डात्मक कार्यवाही के अंतर्गत अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्ति परन्तु यह प्रावधान है कि अपवाद स्वरूप प्रकरणों में वह कर्मचारी जिसकी सेवाएं करार पर ली गई हो बोर्ड के विवेक पर—(जो आत्मनिष्ठ होगा) उसकी आयु 58 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी सेवा में रखा जा सकता है जबकि बोर्ड इस बात का विश्वास करेगा कि निम्न मानदण्ड का पालन कर लिया गया है ।

(ल) अधिनियम के अधीन बोर्ड के निर्देश के अनुसार संबंधित व्यक्ति का कार्य/सेवा आवश्यक और अनिवार्य है ।

(थ) संबंधित व्यक्ति का सेवा में रखे रखना बोर्ड तथा जन-हित में आवश्यक है ।

(ट) संबंधित व्यक्ति मानसिक तथा शारीरिक रूप से वह कार्य जो बोर्ड ने उसके सुपुर्द किए हों उसके करने के लिए सक्षम हो और,

(ध) पहली बार उस पद पर बने रहने के लिए एक वर्ष की अनुमति मिलेगी यह अवधि किसी भी दशा में दो वर्ष से अधिक न होगी ।

(ख) उपनियम (1) के होते हुए भी नियुक्ति प्राधिकारी को यह विश्वास हो जाए कि अमुक कर्मचारी ने पचास वर्ष की आयु पूरी कर ली है और इसे सेवा नियत करना बोर्ड के हित में है तो नियुक्ति अधिकारी किसी भी कर्मचारी को लिखित में कारण बताकर कम से कम तीन मास का नोटिस देकर या नोटिस के बदले तीन मास के वेतन तथा भत्ते देकर सेवा निवृत कर सकता है ।

(ग) कोई भी कर्मचारी पचास वर्ष की आयु पूर्ण होने पर नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी को कम से कम तीन मास का नोटिस देकर सेवा से निवृत्त हो सकता है । कोई भी कर्मचारी यदि निलंबित है और अपनी 50 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो तथा वह अपनी इच्छा से सेवा निवृत्ति लेना चाहता है तो इस उप-नियम के अंतर्गत नियुक्ति प्राधिकारी को उसकी सेवा निवृत्ति को रोकने का पूर्ण अधिकार है ।

(घ) किसी विशेष मामले में बोर्ड को किसी कर्मचारी को एक समय में एक वर्ष तक सेवाओं का पुनः नियुक्ति देने का अधिकार होगा परन्तु इस प्रकार की पुनः नियुक्ति की कुल अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

25. त्याग-पत्र :—(1) एक अस्थाई कर्मचारी लिखित रूप में एक माह का नोटिस देकर बोर्ड की सेवा से त्याग-पत्र दे सकता है । नियुक्ति प्राधिकारी किसी विशेष स्थिति में यदि यह उचित समझता है तो वह अस्थाई कर्मचारी को एक मास से कम अवधि का नोटिस देकर बोर्ड की सेवा से त्याग-पत्र देने की आज्ञा दे सकता है ।

(2) एक स्थाई कर्मचारी तीन मास की अवधि का लिखित नोटिस देकर या तीन मास के वेतन व भत्ते के बराबर धनराशि जमा करने के पश्चात् और ऐसी अवधि जिसकी, जो नोटिस में तीन मास से जितनी कम है, का वेतन और भत्ता बगैर नोटिस से तीन मास के दिए पुस्तकालय में जमा करके त्याग-पत्र दे सकता है, जब उसका त्याग पत्र नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत हो जाएगा तो वह अपने कार्यभार से मुक्त हो जाएगा ।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा त्याग-पत्र स्वीकार किए जाने की तिथि से ही त्याग-पत्र प्रभावी होगा ।

26. वेतनमान :—बोर्ड के अधीन पदों का वेतनमान वह होगा जो प्रथम-अनुसूची में दिया है ।

27. प्रारम्भिक वेतन :—एक कर्मचारी टाईम स्केल वेतन पर किसी पद पर नियुक्त होने पर कम से कम टाईम स्केल का न्यूनतम वेतन पाएगा । किसी भी पद पर सीधी भर्ती होने पर चयन समिति की सिफारिश पर बोर्ड अधिक से अधिक पांच अग्रिम वेतन वृद्धि मंजूर कर सकता है ।

28. प्रारम्भिक वेतन नियत करना, वेतन वृद्धि, अवकाश वेतन आदि का निर्धारण :—बोर्ड के आरम्भिक वेतन निश्चित करने, वेतन वृद्धि और विभिन्न प्रकार की छुट्टियों के वेतन और भत्ते निलंबन काल के भत्ते के विषय में यथा आवश्यक परिवर्तन सहित निर्धारण उस समय प्रभावी सरकारी नियमों के अनुसार होगा ।

29. पुनः रोजगार पर रखे गए व्यक्तियों का भुगतान :—उन व्यक्तियों का वेतन जो सरकारी सेवा से सेवा निवृत होने के पश्चात् या विश्वविद्यालय की सेवा या राजकीय उपक्रम या सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं से सेवा निवृत होने के बाद पुनः रोजगार पर रखे गए हैं उनका वेतन सरकार के विद्यमान नियमों तथा आदेशों के अनुसार निर्धारित होगा ।

30. वेतन का आहरण :—(अ) कोई भी कर्मचारी किसी भी पद पर जिस तारीख से कार्यभार ग्रहण करता है, उसी तारीख से वह उस पद का वेतन पाने का अधिकारी होगा ।

(ब) किसी भी महीने का वेतन या उससे अगले महीने की पहली दिन भुगतान के लिए देय होगा ।

(स) विनियम 25 के अधीन निर्धारित नोटिस के दिए बिना बोर्ड की सेवा से त्याग पत्र देने वाला कर्मचारी का वेतन जब तक बोर्ड निर्देश न दे आहारित नहीं होगा, किन्तु इस प्रकार से वेतन आहारित करने की अनुमति न देने पर इस प्रकार के वेतन की अवधि निर्धारित नोटिस अवधि से अधिक नहीं होगी।

31. भत्ते, अग्रिम धन तथा अन्य सुविधाएं :—कर्मचारीगण वह समस्त भत्ता पाने के अधिकृत होंगे जो केन्द्रीय सरकार के कर्मचारीगण को समय-समय पर मिलता है।

(2) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के समान ही पुस्तकालय के अधिकारी कर्मचारी भी त्यौहार अग्रिम, मकान बनाने के लिए अग्रिम, वाहन खरीदने के लिए अग्रिम आदि उन सभी नियमों व शर्तों पर पाने के अधिकारी होंगे जो केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी पाते हैं।

(3) कर्मचारीगण उन सभी शर्तों के साथ केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की भांति निर्देशित नियमानुसार सेवा निवृत होने पर समय-समय पर बच्चों की शिक्षा का भत्ता, उपचार की सुविधाएं जो मेडीकल-अटेन्डेन्स नियम के अधीन ग्राह्य हैं, यात्रा रियायत भत्ता, अवकाश की सुविधाएं तथा वैकल्पिक छुट्टी पाने के अधिकारी होंगे।

32. छुट्टी :—कर्मचारीगण पर पुनरीक्षित अवकाशीय नियम 1972 लागू होगा जो केन्द्रीय सरकार के कर्मचारीगण पर समय-समय पर संशोधनानुसार लागू होता है।

33. आचरण :—बोर्ड के कर्मचारीगण केन्द्रीय सिविल सर्विस (आचरण) नियम 1964 जैसा कि वह समय-समय पर संशोधित हुए हैं। के अधीन होंगे।

34. सेवा पंजिकाएं तथा चरित्र पंजिका :—(1) केन्द्रीय सरकार के निर्धारित प्रपत्र में पुस्तकालय प्रत्येक कर्मचारी की सेवा पंजिका तथा चरित्र पंजिका रखेगा।

(2) कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में समस्त प्रविष्टियां मुख्य लिपिक द्वारा की जाएगी उनके उच्च अधिकारी द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित की जाएंगी।

(3) कर्मचारी की चरित्र पंजिका में प्रविष्टियां उन प्राधिकारी द्वारा किए आदेश जिसके वह तत्काल रूप से अधीन है तथा उच्च अधिकारी द्वारा यदि कोई हो, तो उसकी टिप्पणी सहित प्रति-हस्ताक्षरित होगी।

(4) चरित्र पंजिका में प्रतिकूल प्रविष्टियां होने पर निदेशक द्वारा संबंधित व्यक्ति को सूचित की जाएगी। प्रतिकूल प्रविष्टियों के संबंध में दिए गए अभ्यावेदन पर अध्यक्ष द्वारा विचार किया जाएगा और उन्हीं का निर्णय अंतिम होगा।

35. अंशदायी भविष्य निधि एवं उपादान स्कीम तथा सामान्य भविष्य निधि एवं पेंशन तथा उपादान स्कीम :—(1) बोर्ड भविष्य निधि स्थापित करेगा जिसे रामपुर रजा पुस्तकालय सामान्य भविष्य निधि के नाम से जाना जाएगा।

(2) बोर्ड के सभी कर्मचारियों पर यह विनियम लागू होता है, सिवाए उन कर्मचारियों के अतिरिक्त जिन्होंने प्रस्तुत अंशदायी भविष्य निधि एवं उपादान स्कीम को विकल्प देकर स्वीकार कर लिया है। एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी करने के बाद निधि में अंशदान करेंगे किन्तु उन कर्मचारीगण के लिए जिन्होंने प्रस्तुत अंशदायी भविष्य निधि में इन विनियम को जिस तारीख से मान लिया है बोर्ड का अंशदान इस विषय में इन विनियम को स्वीकार करने पर विनियम उसी तारीख से भारत सरकार के आदेशों/निर्देशों के अनुसार होंगे।

(3) अभिदान तथा ब्याज की दरें, अग्रिम धन राशियां व निकासी नामांकन दूसरे प्रासंगिक मामले और वह मामले जो निधि से संबंधित है वह सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियमावली 1960 जो समय-समय पर परिवर्तित तथा संशोधित है और सरकार के आदेश से प्रदत्त हुए हैं, की अनुसार होंगे। किन्तु ऐसे परिवर्तन इस बात के लिए आवश्यक तथा सोचीन हो कि निधि बोर्ड द्वारा संचालित किया जा रहा है न कि केन्द्रीय सरकार द्वारा।

(4) उपरोक्त प्राविधानों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना रामपुर रजा पुस्तकालय पर प्रवृत होने पर सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियमावली 1960 में जहां कहीं शब्द "कार्यालय का प्रधान या विभाग का प्रधान" आया है उसका अर्थ होगा निदेशक और उपरोक्त नियमावली में जहां कहीं शर्तें सरकार का विभाग है उसका अर्थ है, बोर्ड। प्रतिकूल प्रविष्टियों पर दिए गए प्रत्यावेदनों पर बोर्ड के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

5. (अ) सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियमावली 1960 में ऐसा होते हुए भी निधि का समस्त अंशदान तथा धन-राशि भारतीय स्टेट बैंक अथवा अनुसूचित किसी बैंक जो बोर्ड द्वारा अनुमोदित हो, के अलग खाते में फिक्स्ड डिपाजिट में निधि के नाम रखे जाएंगे।

(ब) बैंक खाता, निदेशक द्वारा संचालित किया जाएगा।

(स) ऐसी कोई भी धनराशि जिसके निकट भविष्य में तुरन्त उपयोग होने की संभावना न हो बोर्ड की पूर्व अनुमति प्राप्त करके फिक्स्ड डिपाजिट या अल्पकालीन सावधि जमा खाते में स्टेट बैंक आफ इण्डिया या बोर्ड की बाहरी किसी सूचक पत्र में सम्मिलित बैंक में जमा करा दी जाएगी या निधि के नाम परिषद् द्वारा दिए गए निर्देशानुसार लाभकर्ता निधि अनुसार लगाई जाए किन्तु यह कार्य केन्द्रीय सरकार या भारत सरकार के ट्रस्ट निधियों के लिए लागू नियमानुसार अनुमोदित हो।

36. पेंशन :—केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1972 तथा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन राशिकरण) नियम 1981 पेंशन (पेंशन/पारिवारिक पेंशन, असाधारण पेंशन) राशिकरण के अंतर्गत समय-समय पर संशोधित हुए हों, बोर्ड के कर्मचारी इन नियमों के अनुसार अंशदान के पात्र होंगे।

(2) उक्त प्राविधानों पर बिना कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले, "कार्यालयाध्यक्ष या विभागाध्यक्ष", जहां भी केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम के प्रयुक्त का हो, का अभिप्राय निदेशक और शब्द "शासकीय विभाग" का अर्थ परिषद् होगा।

स्पष्टीकरण :—(क) महंगाई भत्ते की ही धनराशि, पेंशन की परिलब्धियों के लिए गणित की जाएगी जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर आदेशित होगी। केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अपने कर्मचारियों के लिए प्रदत्त सामान्य आदेश पेंशन हेतु स्वतः ही लागू नहीं होंगे।

(ख) महायता या तदर्थ सहायता जो भी भारत सरकार द्वारा समय-समय पर पेंशनर्स को उस सीमा तक तथा तिथि से देय होगा, जो परिषद् द्वारा समय-समय पर पेंशनर्स के लिए स्वीकृत होगा जिस सीमा तक परिषद् समय समय पर आदेश देगी।

3. (अ) उप नियम (4) में कि एतद्विधानों के अधीन बोर्ड के समस्त कर्मचारी, जिन पर यह नियम लागू होते हैं, उन नियमों के अंतर्गत भविष्य निधि, पेंशन, अंशदान तथा सेवानिवृत्ति लाभ पाने हेतु पात्र समझे जाएंगे ।

(ब) यह नियम प्रभावी होने की तिथि से खंड "अ" के अधीन भविष्य निधि पेंशन अंशदान और दूसरे सेवा निवृत्ति लाभ अथवा अन्य मामले जिन पर यह नियम प्रभावी होते हैं, लाभ पाने वाले कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि की सदस्यता, निधि सहित उपादान योजना, सामान्य भविष्य निधि सहित पेंशन, उपादान, सिगुनी लाभ योजना अथवा अन्य विनियमों और योजनाओं के लाभ से पंचित हो जाएंगे ।

(स) ऐसे कर्मचारीगण, जिन पर नियम 35 व 36 प्रभावी होता है, कि अंशदायी भविष्य निधि या सामान्य भविष्य निर्वाह निधि के खाते में समाधान इन नियमों के प्रभावी होने के दिनांक को रामपुर रजा पुस्तकालय के सामान्य भविष्य निर्वाह निधि खाते में विनियम 35 के अधीन ब्याज सहित स्थानान्तरित करा दिए जाएंगे । दूसरी समस्त धनराशियां आवश्यक लाभ सहित जिनके लिए कर्मचारी इन नियमों के प्रभावी होने के दिनांक से पूर्व अधिकृत था अन्य साथ-साथ सेवा योजक द्वारा अंशदायी निर्वाह निधि का अंशदान उस पर अंकित ब्याज सहित समाप्त हो जाएंगे और बोर्ड द्वारा पुनः ग्रहण किए जाएंगे ।

4 (अ) ऐसा कर्मचारी जो बोर्ड के अधीन मौलिक रूप से यह नियम प्रभावी होने के दिनांक को स्थाई पद पर कार्यरत होगा, अंशदायी निर्वाह निधि सहित उपादान योजना अथवा अन्य नियम जिसके अधीन रामपुर रजा पुस्तकालय अधिष्ठानीय नियम 1961 के अधीन मिलने वाले लाभ जारी नहीं रख सकेगा जिनके लिए वह यह नियम प्रभावी होने के दिनांक को पात्र था ।

(ब) जिस कर्मचारी की सेवाएं परस्पर सहमति और शर्तों के साथ करार पर ली गई हैं और सरकारी सेवा से निवृत्ति के बाद तथा वह अतिरिक्त पेंशन के अतिरिक्त एक निश्चित धनराशि इन नियमों के प्रभावी होने के दिनांक से ले रहे हैं । पहले की तरह ही अंशदायी निर्वाह निधि सहित उपदान योजना अथवा सेवा निवृत्ति से संबंधित अन्य वे सभी लाभ पाते रहेंगे जोकि इन नियमों के प्रभावी होने की तारीख को पा रहे थे ।

(स) उक्त धारा (अ) के अधीन विकल्प इन नियमों के प्रभावी होने के दिनांक से अथवा कर्मचारी की सेवा निवृत्ति की तिथि से जो भी पहले हो, से तीन मास के अंदर प्रस्तुत कर दिए जाएंगे ।

(द) निदेशक द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में अपना विकल्प लिखित रूप में निदेशक के नाम हो जिस पर वे निदेशक द्वारा हस्ताक्षर किए हों और कर्मचारी की सेवा पुस्तिका एवं अन्य सेवा संबंधी रिकार्ड में हो इस प्रकार यह एक बार दे दिया गया विकल्प अंतिम होगा ।

(य) जो कर्मचारी सेवा में हैं और विकल्प प्रस्तुत नहीं करता है वह पूर्ण रूप से वर्तमान नियम लागू होने के दिनांक से वर्तमान नियमों के अधीन ही कार्यरत समझा जाएगा ।

37. अनुशासन-दण्ड, अपीलें तथा पुनः विचार :—

1. बोर्ड के कर्मचारीगण, केन्द्रीय सिविल सर्विस (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियमावली 1965 जो समय-समय पर अनुशासन दण्ड निर्धारण अपीलों तथा पुनः विचार के विषय में संशोधित हैं, के अधीन रहेंगे ।

2. (अ) कर्मचारी का नियुक्ति प्राधिकारी या कोई भी उसे वरिष्ठ अधिकारी जिसके अधीन वह कर्मचारी हो या पांचवीं अनुसूची में दिया निर्दिष्ट अधिकारी, कर्मचारी को निलंबित कर सकता है ।

(क) जहां उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही विचाराधीन है या लंबित है, या

(ख) उपरोक्त प्राधिकारी की राय में उसने स्वयं को राज्य की सुरक्षा के हित में हानिकारक गतिविधियों में व्यस्त कर रखा है ।

(ग) उसके विरुद्ध दण्डनीय अपराध के विषय में बोर्ड द्वारा तफतीश इन्क्वायरी या जांच विचाराधीन हो ।

यदि निलंबन आदेश नियुक्ति प्राधिकारी के पद से निम्न अधिकारी द्वारा जारी किया जाता है, तो ऐसे अधिकारी द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी को उन परिस्थितियों के संबंध में पूर्ण जानकारी दी जाएगी जिनके अंतर्गत निलंबन आदेश जारी किए गए हैं ।

स्पष्टीकरण :—अनुशासकीय प्राधिकारी का अर्थ उस सक्षम अधिकारी से है, जो उप-विनियम (3) में विनिर्दिष्ट विनियम के अंतर्गत दण्ड दे सकता हो ।

(ब) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी निलंबन आदेश के अंतर्गत एक कर्मचारी निलंबित समझा जाएगा ।

(क) वह चाहे किसी भी दण्डनीय अपराध के अंतर्गत या अन्यथा वह 48 घंटे से अधिक बंदी रहा हो । वह बंदी होने की तिथि से निलंबित माना जाएगा ।

(ख) दण्डित होने की तारीख से अगर वह किसी दण्ड के अवसर पर 48 घंटे से अधिक अवधि में बंदी रहा हो या किसी अपराध में दण्डित हुआ हो। यदि वह ऐसे दण्डनीय अपराध के कारण पद से हटाया न गया हो, या अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्त न कर दिया गया हो ।

स्पष्टीकरण :—नियम के खंड (2) के अधीन 48 घंटों की अवधि, बंदी बनाए जाने के बाद बंदीगृह में दिन के समय से मानी जाएंगी । इसके लिए जल का वह समय जो लगातार नहीं है, भी सम्मिलित किया जाएगा ।

(स) जब कभी किसी कर्मचारी को बरखास्त किए जाए सेवा मुक्त किए जाने, सेवा से हटाए जाने या अनिवार्य सेवा निवृत्ति के आदेश को अपील या पुनः विचार के अंतर्गत इन नियमों के अधीन रद्द किए जाते हैं और बाद में आगामी जांच के लिए दे दिया जाता है या अन्यथा निर्देश दिया जाता है तो कर्मचारी को निलंबन, पद से हटाए जाने अथवा अनिवार्य सेवा निवृत्ति की तिथि, आगे भी निलंबन की मूल तिथि से ही आगामी आदेशों तक प्रभावी समझी जाएगी ।

(द) यदि न्यायिक प्रक्रिया और अनुशासनिक अधिकारी द्वारा कर्मचारी को बरखास्त किए जाने या पद से हटाए जाने या अनिवार्य सेवा निवृत्ति के दिए गए दण्ड को रद्द करने, निसप्रभावी करते हुए बाद की परिस्थितियों

वश कर्मचारी पर लगाए गए अभियोगों की विरुद्ध पुनः जांच करने के आदेश दिए जाते हैं तो कर्मचारी को उस प्रकार के आदेशों नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा किए गए निलंबन की मूल तिथि से आगामी आदेशों तक बरखास्त निलंबित या अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्त समझा जाएगा ।

(घ) (क) निलम्बन आदेश इस नियम के अंतर्गत उस समय तक प्रभावी रहेगा जब तक कि सक्षम अधिकारी द्वारा संशोधित या निरस्त नहीं किया जायेगा ।

(ख) जब कोई कर्मचारी किसी अनुशासनात्मक कार्यवाही से किसी अन्य कारण से निलम्बित चल रहा है और इसी निलम्बन के दौरान उचित अधिकारी इसे दुबारा से लिखित कारण बताकर निलम्बित कर देते हैं तो कर्मचारी तब तक निलम्बित रहेगा जब तक वह निलम्बन आदेश या कार्रवाई से खत्म न कर दी जाये ।

(ग) इस नियम के अधीन किया गया निलम्बन आदेश किसी भी समय सक्षम प्राधिकारी अथवा उसके अधीनस्थ प्राधिकारी, जिसने ऐसे आदेश दिये हों, द्वारा संशोधित अथवा निरस्त किया जा सकता है ।

3. पर्याप्त कारणों तथा हित को दृष्टिगत रखते हुये निम्न दण्ड उपनियम में किये गये प्राविधानुसार कर्मचारी पर किये जा सकते हैं ।

छोटे दण्ड :—

(क) निन्दा प्रस्ताव पास करके ।

(ख) पदोन्नति रोकना और या वेतन वृद्धि रोका जाना ।

(ग) बोर्ड के आदेशों की अपेक्षा अथवा अवहेलना किये जाने के फलस्वरूप कर्मचारी द्वारा बोर्ड को पहुंचाई गयी आर्थिक हानि के फलस्वरूप कर्मचारी के वेतन से हानि की पूर्ण धनराशि अथवा किसी भाग की प्राप्ति करना ।

बड़े दण्ड :—

(घ) किसी निश्चित अवधि के लिए वेतनमान में मिल रहे स्तर में कटौती करना तथा स्पष्ट निर्देश देना कि, कर्मचारी इस कटौती के समय में वेतन वृद्धि पाने का पात्र होगा अथवा नहीं या ऐसी अवधि की समाप्ति पर इस कटौती का प्रभाव कर्मचारी को वेतनमान में मिलने वाली अगली वेतन वृद्धियों पर कोई प्रभाव पड़ेगा अथवा नहीं ।

(ङ) वेतनमान में कमी, पद क्रम या पद में पदावनति जिससे साधारणतया कर्मचारी को पदोन्नति पद क्रम अथवा पद पर रोक होगी जब तक कि पद क्रम तथा पद के प्रतिपादित होने के आदेश नहीं होते और जिसका प्रभाव कर्मचारी की वरिष्ठता और वेतन पर भी उस समय तक पड़ेगा जब तक कि ऐसे प्रतिपादन के आदेश न हों ।

(च) अनिवार्य सेवा निवृत्ति ।

(छ) सेवा से हटाया जाना या पदमुक्त किया जाना ।

स्पष्टीकरण :—इस नियम के अंतर्गत दण्ड का प्रभाव निम्न दशाओं में नहीं होगा, यदि —

(क) कर्मचारी द्वारा उसके धारण पद से संबंधित नियमानुसार नियुक्ति होने पर आदेशानुसार विभागीय परीक्षा में सफल न होने के फलस्वरूप वेतन वृद्धि रोकी गई हो ।

(ख) धारित पद पर वेतनमान में उल्लिखित दक्षता रोध कर्मचारी की अक्षमता-वश पार करने की अनुमति न दी गई हो ।

(ग) मौलिक पद अथवा स्थानापन्न पद से पदोन्नति के लिये कर्मचारी के वेतनमान आदि को दृष्टिगत रखते हुये पदोन्नति न की गई हो ।

(घ) उच्च वेतन क्रम में स्थानापन्न रूप से कार्यरत कर्मचारी को उसके पद या वेतनमान के लिए प्रशासनिक दृष्टिकोण से विचारोपरान्त अक्षम पाया गया हो तो उस समयधारित पद से नीचे के पद पर लाया जा सकता है ।

(ङ) कोई कर्मचारी किसी दूसरे पद पर परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त हो परन्तु उसकी नियुक्ति आदेश या परिवीक्षा अवधि की शर्तों के अनुसार अथवा नियमानुसार अथवा परिवीक्षा अवधि की नियुक्ति आदेशों के उल्लेखानसार शर्तों को परा न करने के अन्तर्गत उसके मल पद क्रम अथवा पद का वेतनमान में प्रत्यावर्तित कर दिया गया हो ।

(च) कोई कर्मचारी जिसकी सेवायें उसके सेवाशोजक, केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण से उधार ली गई हों से मांगी गई हों और वह वापस आ गया हो ।

(छ) अधिवर्षता सेवा निवृत्ति नियमावली में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार समय के पूर्व निवृत्ति कर दिया गया हो ।

(ज) सेवा समाप्ति :—

(अ) कर्मचारी परिवीक्षा काल में नियुक्ति हो और उसकी सेवायें उसके परिवीक्षा काल हेतु नियुक्ति आदेश की शर्तों या हेतु प्रभावी नियमानुसार समाप्त की गई हों ।

(ब) इन नियमों के दिये गये प्राविधानसार अस्थाई कर्मचारी की सेवायें समाप्त की गई हों ।

(स) किसी करार के अन्तर्गत कर्मचारी की सेवायें समाप्त की गई हों ।

4. (क) कोई उप नियम (3) के अन्तर्गत दण्ड दे सकता है ।

(ख) खण्ड (अ) में उल्लिखित प्राविधानों को बिना प्रभावित किये, किन्तु खण्ड (ब) में उल्लिखित प्राविधानसार उपनियम (3) के अन्तर्गत बोर्ड में सक्षम अधिकारी द्वारा नियुक्त कर्मचारी इस नियम के अधीन कार्यरत होंगे यदि अधिसूची 6 में उल्लिखित नियुक्ति प्राधिकारी अथवा बोर्ड द्वारा सामान्य अथवा विशेष आदेशों में उल्लेख न किया गया हो ।

(ग) इस नियम में ऐसा होते हुए भी उपनियम (3) के खण्ड "घ" से "छ" में उल्लिखित कोई भी दण्ड नियुक्त प्राधिकारी के अधीनस्थ द्वारा लागू नहीं किये जायेंगे ।

5. (अ) बोर्ड अथवा अन्य अधिकारी जिसको सामान्य अथवा विशेष अधिकार प्राप्त हो निम्न कार्य कर सकता है ।

(क) किसी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही चलाना ।

(ख) सक्षम अधिकारी जो उपनियम (3) के अंतर्गत दण्ड का अधिकारी है, द्वारा कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के आदेश देना ।

(ब) इन नियमों के अन्तर्गत सक्षम अनुशासनिक अधिकारी उप-नियम (3) के खण्ड "क" से "ग" के प्राविधानुसार दण्ड दे सकता है । ऐसा होते हुये भी दण्डाधिकारी बाद में कोई भी दण्ड देने हेतु सक्षम नहीं है ।

6 (क) उप-नियम (3) के खण्ड "घ" से "छ" तक में प्राविधानित दण्ड दिए जाने के आदेश इन नियमों के अनुसार निम्न कार्य विधि के पूर्व नहीं दिये जा सकते ।

(ख) जहां कहीं भी अनुशासक अधिकारी का मत यह है कि कर्मचारी के विरुद्ध दुराचार के अभ्यारोपण और दुर्व्यवहार की वास्तविकता के आधारों हेतु जांच कराई जाये तो वह स्वयं या अपने द्वारा नियुक्त अधिकारी के माध्यम से वास्तविकता की जांच करा सकता है । जब अनुशासक अधिकारी ऐसी जांच स्वयं करता है तो जांच प्राधिकारी को कोई संदर्भ देने का अर्थ अनुशासक अधिकारी को संदर्भ किया जाना है ।

(ग) इन नियमों के अधीन जब किसी कर्मचारी के विरुद्ध जांच प्रस्तावित होगी तो अनुशासक अधिकारी लिखित रूप में ऐसा करने और उसके दुराचार एवं दुर्व्यवहार का स्पष्ट उदधरण सहित उल्लेख करते हुए उसके विरुद्ध रचित कार्यवाही किए जाने की सूचना देगा तथा कर्मचारी को अपने बचाव हेतु प्रत्यावेदन आदि प्रस्तुत करने का उचित अवसर देगा ताकि वह प्रस्तावित अभ्यारोपण की वास्तविकता को स्पष्ट कर सके ।

(घ) (अ) कर्मचारी द्वारा अपने बचाव में दिया गया प्रत्यावेदन प्राप्त होने पर अनुशासक अधिकारी ऐसे अभ्यारोपों की जांच स्वयं कर सकता है कि आरोप सिद्ध होना है या नहीं अथवा यदि वह आवश्यक समझता है तो खण्ड (2) के अधीन किसी को तदर्देश्य की जांच हेतु जांच अधिकारी नियुक्त कर सकता है, और जहां आरोपित अनुच्छेद कर्मचारी द्वारा लिखित रूप में अपने बचाव संबंध स्पष्टीकरण में स्वीकार किये गये हों अनुशासक अधिकारी अपना निर्णय आरोप-वार, जैसा भी उचित समझे लिखेगा और खण्ड "झ" में दिए गए निर्देशानुसार कार्य करेगा ।

(ब) यदि कर्मचारी द्वारा अपना बचाव पत्र प्रदान करने पर प्रस्तुत नहीं किया जाता तो अनुशासक अधिकारी स्वयं आरोपों की जांच कर सकता है अथवा खण्ड "ख" के अधीन इस उद्देश्य हेतु जांच अधिकारी नियुक्त कर सकता है ।

(ङ) जांच अधिकारी अपनी अभ्यारोपों से संबंधित उपपत्ति अनुशासक अधिकारी को कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत बचाव पत्र सहित वापस करेगा ।

(च) कर्मचारी जिसको आरोप पत्र की एक प्रति मिल चुकी है, अपना बचाव पत्र निर्धारित तिथि को या इससे पूर्व प्रस्तुत नहीं करता है या जांच अधिकारी के समक्ष निर्देशानुसार व्यक्तिगत रूप में उपस्थित नहीं होता है अथवा वह जांच अधिकारी के आदेश इन नियमों के प्राविधानुसार मानने से इनकार करता है तो जांच अधिकारी एक तरफा जांच कर सकता है ।

(छ) (अ) जहां कहीं सक्षम अनुशासक अधिकारी उपनियम (3) के खण्ड "क" से (3) के अंतर्गत प्रस्तावित दण्ड दे सकता है वह उप नियम (3) के खण्ड "घ" से "छ" में निर्धारित दण्ड देने हेतु प्राधिकृत नहीं होगा, भले ही उसने आरोपों की जांच स्वयं की हो अथवा किसी जांच अधिकारी के माध्यम से यदि नियुक्ति जांच अधिकारी का मत है कि उप नियम (3) के खण्ड "घ" से "छ" के प्रस्तावित दण्ड कर्मचारी को दिये जाने चाहिये तो वह अपनी जांच आख्या समस्त पत्रों सहित ऐसे अनुशासक अधिकारी को अपनी उपपत्ति सहित भेजेगा तो बाद में उल्लिखित दण्ड देने हेतु सक्षम होगा ।

(ब) अनुशासक अधिकारी जिसको इस प्रकार रिकार्ड अग्रेषित दिये जाते है वह इस जांच आख्या में प्रस्तुत उदधरणों के आधार पर कार्य कर सकता है । यदि उसका मत है कि न्याय हेतु अग्रिम जांच आवश्यक है तो वह ऐसा कर सकता है और कर्मचारी को ऐसे दण्ड दे सकता है जो उसे इन नियमों के अधीन उचित समझता हो ।

(ज) जांच आख्या के निष्कर्ष की रिपोर्ट तैयार कर अनुशासक अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी ।

(झ) (अ) अनुशासक अधिकारी यदि वह स्वयं जांच अधिकारी है, कारणों को लिखित रूप में उल्लेखित करते हुए पूर्ण यदि जांच अधिकारी को जांच आख्या आगे और जांच करने के उददेश्य से भेज सकता है और पुन: आख्या मंग सकता है । जांच अधिकारी नियमों के प्राविधानसार यथा संभव जांच कर सकता है ।

(ब) अनुशासक अधिकारी, यदि जांच अधिकारी की उपपत्ति से सहमत नहीं है तो वह असहमति का स्पष्टीकरण उल्लिखित करते हुये अपनी उपपत्ति ऐसे अभ्यारोप के सम्बन्ध में दे सकता है यदि पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है ।

(स) यदि अनुशासक अधिकारी, वाद की उपपत्ति या किसी अभ्यारोप के संबंध में समझता है कि उप नियम (3) के खण्ड "क" व "ग" के अंतर्गत कर्मचारी को दंडित किया जाये तो वह ऐसे दण्ड कर्मचारी को दे सकता है ।

बशर्ते कि निदेशक के संबंध में जांच आख्या अनुशासक अधिकारी द्वारा भारत सरकार को मार्ग दर्शन हेतु भेजी जाएगी, और निदेशक पर दण्ड लागू करते समय ऐसे मार्ग दर्शन पर पूर्ण ध्यान दिया जायेगा ।

(द) "1" यदि अनुशासक अधिकारी प्रस्तुत की गई उपपत्ति या अभ्यारोपण के किसी खण्ड के संबंध में समझता है कि उप नियम (3) के खण्ड "ख" से "छ" के अंतर्गत कर्मचारी दण्डित किया जाए, तो वह ऐसा कर सकता है ।

(अ) कर्मचारी को जांच आख्या की प्रति और आरोप धार उपपत्ति की प्रति, या जहां जांच अधिकारी नियुक्त हुआ हो तो उसकी जांच आख्या तथा आरोप उपपत्ति की प्रति दी जायेगी । तथा स्पष्ट कारण का उल्लेख किया जायेगा कि जांच अधिकारी की संस्तुति से किस कारण वश सहमति नहीं हुई है ।

(आ) निदेशक के मामले में, परामर्श की प्रति, या यदि सरकार द्वारा किया गया हो, तथा अनुशासक अधिकारी द्वारा यदि भारत सरकार के परामर्श को स्वीकार नहीं किया गया है, तो संक्षिप्त विवरण जिसमें ऐसे परामर्श को स्वीकार किए जाने के कारण का उल्लेख होगा, की एक प्रति निदेशक को प्रदान की जायेगी ।

(स) कर्मचारी को एक नोटिस जिसमें उस पर लागू किये जाने वाले प्रस्तावित दण्डों का उल्लेख होगा, दिया जायेगा और उसमें अनुदेशित होगा कि यदि कर्मचारी इस नोटिस की प्राप्ति की तिथि से अधिकतम 15 दिन के अन्दर अपना उत्तर देते हुये अपना प्रत्यावेदन नहीं प्रस्तुत करेगा तो यह समझा जायेगा कि वह प्रस्तावित दण्डों से उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर है । तथा इस नियम के अनुसार सम्पन्न की गई जांच से पूर्णतया सहमत है ।

"2." तदुपरान्त अनुशासक अधिकारी, कर्मचारी के प्राप्त प्रत्यावेदन पर यदि आवश्यक हो, विचार करेगा तथा उसे खण्ड "क" के अधीन दिये जाने वाले दण्ड को सुनिश्चित करेगा और तदनुसार ऐसे आदेश निर्गत करेगा जो वह उचित समझता हो ।

7. खण्ड (झ) के उप खण्ड "ब" (नियम-6) के प्राविधानों के अधीन नियम (3) के खण्ड "क" से "ग" के निर्धारित कोई भी दण्डात्मक आदेश निर्गत नहीं किए जाएंगे जब तक कि :—

(अ) कर्मचारी को उसके दुराचरण या दुर्व्यवहार के लिए उसके विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही तथा आधारों की लिखित सूचना उसे प्रस्तावों के विरुद्ध प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने का उचित अवसर प्रस्तावित किया जाएगा ।

(ब) प्रत्यावेदन यदि कोई हो, कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर खण्ड (अ) के अधीन विचार किया जाएगा ।

(स) कर्मचारी के दुराचार तथा दुर्व्यवहार के प्रति प्रत्येक अनुच्छेद पर उपपत्ति लिखी जाएगी ।

(द) निदेशक के मामले में भारत सरकार से परामर्श किया जाएगा ।

8. अनुशासक अधिकारी के आदेश कर्मचारी को सूचित किए जाएंगे ।

9. (1) यदि किसी वाद में दो या अधिक कर्मचारीगण का संबंध है तो परिषद या अन्य सक्षम अधिकारी, जो सेवाओं से हटाने व दण्ड दे सकता है, उन सब कर्मचारियों के विरुद्ध समान अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश दे सकता है ।

नोट :—यदि कर्मचारी को सेवा से हटाए जाने के आदेश निर्गत करने वाला अधिकारी भिन्न है तो अनुशासनिक कार्यवाही सामान्य रूप से किए जाने के आदेश ऐसे अधिकारी से उच्चाधिकारी द्वारा दूसरों की सहमति से निर्गत किए जायेंगे ।

(2) ऐसे आदेशों में निर्दिष्ट किया जाएगा :—

(क) कौन अधिकारी सामान्य रूप से की जाने वाली कार्यवाही के लिए अनुशासक अधिकारी का कार्य करेगा ।

(ख) उप नियम (3) के अंतर्गत दण्ड निश्चित करने वाला सक्षम अनुशासक अधिकारी कौन होगा ।

(ग) क्या इस नियम के निर्दिष्ट विधि का परिपालन, संचालित कार्यवाही में होगा ।

10. इस नियम में ऐसा होते हुए भी सम्मिलित है कि :—

(क) जहां कोई व्यक्ति पद से हटा दिया जाता है, सेवा से हटाया जाता है, अथवा आचरण के आधार पर उसको आपराधिक आरोप के अंतर्गत पदावनति की जाती है, या

(ख) अनुशासक अधिकारी वाद की परिस्थितियों पर विचारोपरान्त ऐसे आदेश पारित करता है जो वह उचित समझे यदि वह लिखित कारणों से सन्तुष्ट है और वह समझता है कि पर्याप्त कारणों के संदर्भ में उन नियमों को प्राविधान के अनुसार अधीन जांच किया जाना संभव नहीं है ।

11. 1. जब एक कर्मचारी की सेवायें केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार, अर्द्ध सरकारी अथवा स्वायत संगठनों से ली गई हैं (जिनको नियमानुसार अधिगृहित अधिकारी कहा जाएगा) तो अधिग्रहित अधिकारी को नियुक्ति प्राधिकारी का अधिकार कर्मचारी को निलम्बित करने, उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने हेतु अनुशासक अधिकारी के अधिकार प्राप्त होंगे ।

बशर्ते कि अधिग्रहणाधिकारी इसकी सूचना ऐसे अधिकारी को देगा जिसने कर्मचारी की सेवाएं अर्पित की हों (जिसको इन नियमों के अधीन अर्पण करने वाला अधिकारी कहा जाएगा) तथा उन परिस्थितियों का उल्लेख करेगा जिनके कारण कर्मचारी को निलम्बित करना अथवा उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करना (जैसा भी हो आवश्यक है ।

2. कर्मचारी के विरुद्ध की जाने वाली अनुशासनिक कार्यवाही की उपपत्ति के प्रकाश में :—

(क) यदि अधिग्रहण अधिकारी समझता है कि उप नियम (3) के खण्ड "क" से "ग" के अधीन निर्दिष्ट दण्ड कर्मचारी को दिए जाने चाहिए, तो वह कर्मचारी को अर्पित करने वाले अधिकारी के परामर्श से जो उचित समझे कर सकता है ।

बशर्ते कि अधिग्रहण अधिकारी व अर्पित करने वाले अधिकारी के मतों में विरोधाभास होने की स्थिति में कर्मचारी की सेवायें कर्मचारी को अर्पित करने वाले अधिकारी की इच्छा पर उसकी सेवाएं पुर्नस्थापित की जा सकती हैं ।

(ख) यदि कर्मचारी को मांगने वाला अधिकारी समझता है कि कर्मचारी को उप नियम (3) के खण्ड "घ" से "छ" के अधीन दण्ड दिया जाना चाहिए तो वह कर्मचारी को अर्पित करने वाले अधिकारों की इच्छा पर जांच संबंधी कार्यवाही करने हेतु वाद भेज देगा यदि वह अनुशासक अधिकारी है तो वह उचित आदेश जो आवश्यक समझता हो पारित कर सकता है अथवा यदि वह अनुशासक अधिकारी नहीं है तो प्रकरण अनुशासक अधिकारी उचित आदेश पारित करेगा ।

किन्तु अनुशासक अधिकारी ऐसे आदेश पारित करने से पूर्व उप नियम (6) के खण्ड (झ) के उप खण्ड (घ) के निर्देशों का परिपालन करेगा ।

12. (अ) मांगे गए कर्मचारी के विरुद्ध जब अनुशासनिक कार्यवाही या उसके निलम्बन आदेश निर्गत किए जाते हैं तो अर्पित करने वाले अधिकारी को उन परिस्थितियों की सूचना दी जाएगी जिनके अंतर्गत निलम्बन के आदेश अथवा अनुशासनिक कार्यवाही, जैसी भी स्थिति हो करना आवश्यक होगा ।

(ब) कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही उपपत्तियों के प्रकाश में की जाएगी :—

(क) यदि दण्डाधिकारी समझता है कि उप नियम (3) के खण्ड "घ" से "छ" में प्राविधानित दण्ड दिए जाना चाहिए तो कर्मचारी की सेवाओं का पर्नस्थापन अर्पित करने वाले प्राधिकारी पर निर्भर रहेगा और दण्डाधिकारी उसकी जांच रिपोर्ट और आवश्यक कार्यवाही, जो वह उचित समझता हो, कर्मचारी को अर्पित करने वाले अधिकारी को प्रेषित करेगा और

(ख) यदि दण्डधिकारी समझता है कि कोई दूसरा दण्ड कर्मचारी को दिया जाना चाहिए तो वह ऐसा कर्मचारी को अर्पित करने वाले प्राधिकारी से परामर्श उपरान्त ऐसे आदेश पारित कर सकता है जो वह आवश्यक समझता हो ।

किन्तु कर्मचारी को अर्पित करने वाले प्राधिकारी तथा दण्डाधिकारी के मत में विरोधाभास होने की स्थिति में कर्मचारी की सेवाओं को पुर्नस्थापन कर्मचारी को अर्पित करने वाले अधिकारी पर निर्भर रहेगा ।

स्पष्टीकरण :—इस उप नियम में अर्पित करने वाले अधिकारी का अभिप्राय उस अधिकारी से होगा जिसने मांगे गए कर्मचारी की सेवाएं बोर्ड की इच्छा से स्थापित की हैं ।

13. अपील एवं पुनरावलोकन :—1. इस नियम में प्राविधानानुसार कोई अपील निम्न परिस्थितियों में मान्य नहीं होगी :—

(क) यदि आदेश बोर्ड द्वारा बनाए गए हैं ।

(ख) अन्तःकालीन प्रकृति या पद क्षेप सहायक प्रकृति के आदेश अथवा निलम्बन आदेश को छोड़ कर अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश हों ।

(ग) कोई भी आदेश जो जांच अधिकारी ने जांच के अंतर्गत किए हों ।

2. ऐसे आदेश जिनके विरुद्ध अपील की जा सकती है । खण्ड (क) के अधीन कोई कर्मचारी निम्न समस्त या किसी भी आदेश के विरुद्ध अपील कर सकता है :—

(क) उप नियम (2) के अधीन निलम्बन आदेश किए गए हों ।

(ख) उप नियम (3) के अधीन दण्डात्मक आदेश लागू किए गए हों भले ही अनुशासक अधिकारी या अपील से सम्बन्धित अधिकारी या पुनरीक्षण अधिकारी द्वारा किए गए हों ।

(ग) उप नियम (3) के अंतर्गत दण्ड बढ़ाए जाने वाले आदेश लागू किए गए हों ।

(घ) ऐसे आदेश जो :—

(अ) वेतन, भत्ते, पेन्शन अथवा नियमानुसार सेवा की शर्तों के अथवा समझौते के लिए हानिकारक हो, इनके अनुकूल न हो, इनसे भिन्न हों ।

(ब) ऐसे नियमों या करार की व्यवस्थाओं की हानियों की स्पष्ट रूप से बताता हो ।

(ङ) आदेश :—

(अ) वेतनमान में अलिखित दक्षता रोध अयोग्यता के आधार पर रोकी गई हों ।

(ब) छोटे पद से बड़े पद में काम करते हुए दुबारा से उसी पहले छोटे पद पर तैनात कर दिया हो, अथवा अन्य स्थिति में दण्ड दिया गया हो ।

(स) सेवा निवत्ति के लाभ को कम किया गया हो, या रोका गया हो या सेवा निवत्ति पर देय के अधिकतम लाभ (जो नियमानुसार देय हो) रोका गया हो ।

(ङ) निलम्बन भत्ता तथा अन्य भत्ते निलम्बन अवधि हेतु निश्चित किए गए हों या ऐसी अवधि अथवा कोई भाग जिसे निलम्बन काल समझा गया हो ।

(या) वेतन और भत्तों की सुनिश्चितता .—

(अ) निलम्बन काल हेतु या

(ब) निम्न पद क्रम अथवा पद, वेतनमान अथवा वेतनमान के स्तर में की गई कमी की अवधि से उसके बहाल होने तक या पद क्रम अथवा पद की गढ़ाई गई अवधि तक या

(स) निलम्बन, पदच्युति, सेवा के हटाए जाने, अनिवार्य सेवा निवृत्ति या निम्न पद क्रम, पद, वेतनमान या वेतनमान के स्तर में की गई कमी की तिथि से बहाली, पद क्रम अथवा पद के पुर्नस्थापन की तिथि तक की अवधि को निजी उद्देश्य हेतु कार्य काल माना गया हो ।

स्पष्टीकरण :—इस उप नियम के अधीन,

(क) "कर्मचारी" शब्द में ऐसा व्यक्ति सम्मिलित है जिसकी सेवाएं बोर्ड से समाप्त हो गई हों ।

(ख) शब्द सेवा निवृत्ति लाभ में अंशदायी निर्वाह निधि, उपादान और अन्य सेवा निवृत्ति लाभ सम्मिलित है ।

14. (अ) कोई भी अपील मूल आदेश के अंतर्गत होगी :—

(क) निदेशक द्वारा अध्यक्ष की ओर

(ख) अध्यक्ष द्वारा बोर्ड की ओर

(ब) कोई भी अपील जब तक मान्य नहीं होगी जब तक कि यह आदेश की प्रति अपीलकर्ता को हस्तगत होने की तिथि से 45 दिन के अन्दर प्रस्तुत न की गई हो ।

किन्तु अपील अधिकारी उक्त अवधि की समाप्ति के बाद भी अपील ग्रहण कर सकता है यदि वह संतुष्ट है कि अपीलकर्ता के पास समय से अपील प्रस्तुत न कर सकने के पर्याप्त कारण हैं ।

(स) (क) प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वयं के नाम से अलग अलग अपील करेगा ।

(ख) अपील उसी अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी जो अपील प्राप्त करने का अधिकारी है । अपील की एक प्रति कर्मचारी द्वारा उस अधिकारी को अग्रेषित की जाएगी जिसके आदेशों के विरुद्ध अपील की गई है। अपील में सम्पूर्ण सामग्री, विवरण पत्र तथा तर्क प्रस्तुत किए जाएंगे जिस पर अपील आधारित हो, इसमें अनादरणीय और अनुचित भाषा का प्रयोग नहीं होगा तथा यह स्वयं में सम्पूर्ण होगी ।

(ग) अधिकारी, जिसके आदेशों के विरुद्ध अपील की गई है, अपील की प्रति मिलने पर अविलम्ब ही अपनी समीक्षात्मक आख्या समस्त सम्बन्धित रिकार्ड सहित अपील अधिकारी को बिना निर्देश के प्राप्त होने की प्रतीक्षा होने की प्रतीक्षा किए, भेज देगा ।

(द) अपील अधिकारी द्वारा प्रत्येक अपील पर ऐसे विचार करेगा, जो वह उचित समझें और परिस्थितियों के अनुसार बाद पर -आदेश निर्गत करेगा ।

किन्तु आदेश में दण्ड बढ़ाए जाने के आदेश तक निर्गत नहीं किए जाएंगे जब तक अपीलकर्ता को अपने प्रत्यावेदन पर दण्ड बढ़ाए जाने से सम्बन्धित आदेश निर्गत करने के लिए उचित अवसर नहीं दिया जाता ।

15. (1) इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी बोर्ड किसी भी समय इसके स्वयं अथवा अन्यथा पूर्ण विचार संबंधित अपने आदेश दे सकता है अथवा किसी दूसरे अधिकारी द्वारा इन नियमों के आदेशों से सम्बन्धित जांच सम्बन्धी समस्त रिकार्ड मांग सकता है । और

(अ) आदेश की पुष्टि, आदेश में संशोधन कर सकता है। अथवा निरस्त कर सकता है ।

(ब) आदेशों में दिए गए दण्डों की पुष्टि कर सकता है । दण्ड घटा-बढ़ा सकता है अथवा दिए गए दण्डों को निरस्त कर सकता है । या कोई और ऐसा दण्ड दे सकता है जो दिया न गया हो । या

(स) वाद उस अधिकारी को भेज सकता है जिसने आदेश दिए हों, अथवा किसी अन्य अधिकारी को अग्रिम जांच के लिए, परिस्थितियों पर उचित विचारोपरान्त जैसा भी उचित समझे, हेतु भेज सकता है ।

या

(द) जो उचित समझे आदेश पारित कर सकता है ।

किन्तु दण्ड दिए जाने, बढ़ाए जाने सम्बन्धी कोई भी आदेश सम्बन्धित कर्मचारी को प्रस्तावित दण्डों, दण्ड न बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में नोटिस देकर प्रत्यावेदन दिए जाने का उचित अवसर बोर्ड द्वारा नहीं दिया जाता और यदि आवश्यक हो तो इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार से भी परामर्श करने के बाद ही ऐसा किया जा सकता है ।

(2) पुनरीक्षण सम्बन्धी कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी जब तक कि :—

(क) किसी भी अपील का निर्धारित समय समाप्त हो गया हो ।

(ख) प्रस्तुत की गई अपील का निस्तारण हो चुका हो ।

(3) अपील पुर्न विचार या पुनरीक्षण किए जाने के प्रार्थना पत्र पर उसी प्रकार विचार किया जाएगा जिस प्रकार नियमों के अधीन अपील पर किया जाता है ।

16. इन विनियम के अंतर्गत प्रत्येक पारित या प्रदत्त आदेश/नोटिस या अन्य कार्यक्रमों की तामील संबंधित कर्मचारी पर कराई जाएगी या उसको रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जाएगी ।

17. अहलियत के तौर पर इन विनियम में विनिर्दिष्ट आदेश करने वाला सक्षम प्राधिकारी उचित या पर्याप्त कारणों पर, या पर्याप्त कारण दिखा दिए गए हों तो इन विनियम में विनिर्दिष्ट समय कोई आवश्यक व्यवस्था इन विनियम के अंतर्गत करने या देरी माफी का आदेश पारित कर सकता है ।

18. जब कभी भी निदेशक पर अर्थ दण्ड लगाने के विषय में केन्द्रीय सरकार से परामर्श लिया गया है, तो उस सरकार के परामर्श की प्रतिलिपि, और जबकि ऐसा परामर्श स्वीकार न किया गया हो तो, उसकी भी प्रतिलिपि स्वीकार न करने के संक्षिप्त विवरणों के कारणों की प्रतिलिपि निदरशक को दी जाएगी, जिसके साथ बाद में आदेश करने वाले प्राधिकारी के पारित आदेश की प्रतिलिपि भी होगी ।

38. पूरे समय की सेवा :—(क) पूर्ण समय कम करने वाला कर्मचारी बोर्ड के निर्णय पर होगा तथा उसको विनियोजित कर्तव्य के पालन हेतु बोर्ड द्वारा नियुक्त किया जाएगा ।

(ग) उप नियम (1) की समानता के पूर्वग्रह के बगैर :—

(1) कर्मचारी को भारत के या भारत से बाहर शिक्षा या निर्देश ग्रहण करने हेतु भेजा जा सकता है ।

(2) कर्मचारी को भारत में किसी भी स्थान पर किसी भी पद जो उसकी नियुक्ति के समय के पद से कम न हो । जब तक उसे विनियम 37 के अंतर्गत दण्डित होने के कारण पद कम न किया गया हो । बोर्ड की सेवा हेतु भेजा जा सकता है ।

(3) कर्मचारी को बाह्य सेवा करने हेतु स्थानान्तरित करके भारत या भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा सकता है ।

39. निष्ठा शपथ :—प्रथम नियुक्ति पर समस्त कर्मचारीगण भारत के विधान के प्रति निष्ठावान रहने हेतु चतुर्थ खण्ड में निर्धारित प्रपत्र पर शपथ ग्रहण करेंगे । वर्तमान कर्मचारीगण जिन्होंने शपथ नहीं ली है, भी ऐसी ही निष्ठा शपथ ग्रहण करेंगे।

40. सेवा की शर्तें:—(1)उन विनियम से संबंधित बोर्ड की शक्तियां तथा विभिन्न मूल नियम और भारत सरकार के उन नियम अधीनस्थ प्राधिकारी को, जैसा कि सातवें खण्ड मे दिखाए गए है, प्रत्यायोजित कर दिए गए है ।

(2) अधिकारीगण और अन्य कर्मचारीगण की सेवा की वह सेवा शर्तें जिनका इस विनिमय में प्राविधान नहीं है, वही होंगे जो भारत सरकार अधिकारीगणों तथा कर्मचारीगणों पर समय-समय पर लागू होंगे ।

41. अधिप्रमाणिकता :—बोर्ड के समस्त निर्णय और आदेश तथा इसकी स्थाई समितियों की अधिप्रमाणिकरण निदेशक अथवा परिषद् द्वारा निर्देशित किसी अन्य अधिकारी के हस्ताक्षरों द्वारा होगी ।

42. छुट्टियां :—पुस्तकालय वह छुट्टियां मनाएगा जो भारत सरकार विनिर्दिष्ट करती है और ऐसी ही वह छुट्टियां जो बोर्ड द्वारा नियत कर दी गई है ।

43. नियमों में ढील देना :—इन नियमों में किसी अन्य बात के होते हुए भी बोर्ड इस विनियमों के किसी भी ऐसे उपबन्ध को कर्मचारी के मामले में निर्देश कर सकता है जिससे नियमों के उपबंधों से उत्पन्न हुई कठिनाइयों से कर्मचारियों को मुक्ति मिले या वह बोर्ड के हित में हो ।

44. निरस्तिकरण :—(क) इस विनिमय के प्रारम्भ होने की तिथि से रामपुर रजा पुस्तकालय संस्थान स्थापन नियमावली 1961, जिसका बोर्ड द्वारा पालन किया जा रहा है तथा कर्मचारीगण की सेवाओं की स्थिति पर लागू था, समाप्त कर दिया जाएगा । किन्तु इस विनिमय की प्रारम्भ होने की तिथि से वर्तमान कर्मचारी, जो वास्तविक रूप से बोर्ड के अधीन स्थाई पद पर है । उनको पूर्ण रूप से प्रस्तुत रामपुर रजा पुस्तकालय नियमावली 1961 के अधीन जो इन विनियमों के प्रचलन में हों, रहने का विकल्प प्रस्तुत कर सकता है ।

(ख) विकल्प :—इस विनियम के प्रारम्भ होने की तिथि से, या इन विनियम के कर्मचारी के सेवा निवृत्त होने की तिथि से पहले जो भी पहले होगी, प्रस्तुत कर सकता है ।

(ग) यह विकल्प लिखित रूप से होगा और कर्मचारी द्वारा, निदेशक द्वारा, निर्धारित प्रारूप में निर्देशक को भेजी जाएगी जो उस पर हस्ताक्षर करेगा और कर्मचारी की सेवा पुस्तिका या उसके तत्संबंधी अन्य अभिलेखों में प्रविष्टि करवाएगा । एक बार प्रस्तुत किया गया विकल्प अंतिम होगा ।

(घ) वर्तमान कर्मचारी जो वर्तमान नियमों के अधीन पूर्ण रूपेण बने रहने का विकल्प इन नियमों के प्रारम्भ होने की तिथि से पूर्व नहीं प्रस्तुत करेगा, यह इन नियमों के प्रारम्भ होने की तिथि से वर्तमान नियमों के अधीन ही माना जाएगा ।

45. आशंकाओं का निरस्तिकरण :—अगर यह आशंका उत्पन्न हो जाए कि बोर्ड का कौन प्राधिकारी दूसरे प्राधिकारी से उच्चतम है या इन विनियम के किसी उपबंध के समझने में या उसके लागू होने में कोई शंका हो तो इस पर बोर्ड द्वारा लिया गया निर्णय ही अन्तिम होगा ।

डब्ल्यू एच. सिद्दकी
विशेष अधिकारी अफसर

प्रथम अनुसूची

(विनियम 5 देखें)

लाइब्रेरी के पदों के वर्गीकरण

क्र० स०	वर्ग	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1.	वर्ग "क" (संशोधन से पूर्व वेतनमान के अनुसार)	निदेशक	रु० 1500–60–1800 (संशोधन पूर्व)	1
2.	वर्ग 'क' (संशोधन से पूर्व वेतनमान के अनुसार)	अपर निदेशक	रु० 800–50–1450	1
		अथवा	(संशोधनपूर्व)	
	वर्ग "ख"	पुस्तकाल्याध्यक्ष	रु० 2200–75–2800–रु०–100–4000	
	वर्ग "ख"	सहायक पुस्तकाल्याध्यक्ष	रु० 1640–60–2600–रु०–75–2900	2
	वर्ग "ख"	वरिष्ठ तकनीकी सहायक (रेप्रोग्राफी)	रु० 1640–60–2600–रु०–75–2900	1

1	2	3	4	योग
5.	वर्ग "ख"	वरिष्ठ तकनीकी सहायक (संरक्षण)	रु० 1640–60–2600–द०–75–2900	1
6.	वर्ग "ग"	तकनीकी सहायक (फोटो)	रु० 1400–40–1800–द०–50–2300	1
7.	वर्ग "ग"	तकनीकी सहायक (संरक्षण)	रु० 1400–40–1800–द०–50–2300	1
8.	वर्ग "ग"	वरिष्ठ पुस्तकालय सहायक	रु० 1400–40–1800–द०–50–2300	1
9.	वर्ग "ग"	प्रधान लिपिक	रु० 1400–40–1800–द०–50–2300	1
10.	वर्ग "ग"	पुस्तकालय सहायक	रु० 1350–30–1440–40–1800–द०–50–2200	1
11.	वर्ग "ग"	वरिष्ठ श्रेणी लिपिक	रु० 1200–30–1560–द०–40–2040	1
12.	वर्ग "ग"	कनिष्ठ श्रेणी लिपिक	रु० 950–20–1150–द०–25–1600	2
13.	वर्ग "ग"	वरिष्ठ जिल्दसाज	रु० 950–20–1150–द०–25–1500	1
14.	वर्ग "ग"	वरिष्ठ पुस्तकालय परिचर	रु० 950–20–1150–द०–25–1500	1
15.	वर्ग "ग"	जिल्दसाज	रु० 825–15–900–द०–20–1200	1
16.	वर्ग "घ"	पुस्तकालय परिचर	रु० 800–15–1010–द०–20–1150	1
17.	वर्ग "घ"	मैसेंजर	रु० 800–15–1010–द०–20–1150	1
18.	वर्ग "घ"	चौकीदार	रु० 750–12–870–द०–14–940	3
19.	वर्ग "घ"	डस्टर	रु० 750–12–870–द०–14–940	2
20.	वर्ग "घ"	माली	रु० 750–12–870–द०–14–940	1
21.	वर्ग "घ"	फर्राश कम चपरासी	रु० 750–12–870–द०–14–940	3
			योग	31

नोट :—उपरोक्त स्टाफ के अतिरिक्त वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार संविदाकालीन सफाई कर्मचारी लगाये जा सकते हैं।

द्वितीय

(विनियम 8,9 और

भर्ती

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	क्या प्रकरण पद है अप्रकरण पद	प्रत्यक्ष भर्ती हेतु आयु सीमा	क्या केन्द्रीय सिविल सर्विस में (पेंशन) नियमावली, 1972 के अधीन नियम 30 के अन्तर्गत स्वीकृत सेवा के वृद्धि हुए वर्षों का लाभांश देय है
1	2	3	4	5	6	6(अ)
1. निदेशक	1	वर्ग 'क' (संशोधन से पूर्व वेतनमान के अनुसार)	रुपये 1500-60-1800 (संशोधनापूर्व)	लागू नहीं होता	आयु 35-45 वर्ष के बीच	हां
2. निदेशक	1	वर्ग "क" (संशोधन से पूर्व वेतनमान के अनुसार)	रुपये 800-50-1450 (संशोधनापूर्व)	लागू नहीं होता	आयु 35-45 वर्ष के बीच	हां
अथवा						
पुस्तकालाध्यक्ष	1	वर्ग "ख" (संशोधनापूर्व)	रुपये 2200-75-2800 द-100-4000	लागू नहीं होता	आयु 25-35 वर्ष के बीच	हां
3. सहायक, पुस्तकालाध्यक्ष (अरबी/फारसी/ उर्दू/संस्कृत/हिन्दी)	2	वर्ग "ख"	रुपये 1640-60-2600 द-75-2900	चयन द्वारा	आयु 25-35 वर्ष के बीच	हां
4. वरिष्ठ तकनीकी सहायक (रेडियोग्राफी)	1	वर्ग "ख"	रुपये 1640-60-2600-द-75-2900	चयन	25-35 वर्ष की आयु के मध्य	हां

अनुसूची I

12 देखें)

के नियम

प्रत्यक्ष भर्ती हेतु वांछनीय शैक्षिक तथा योग्यताएं	क्या प्रत्यक्ष भर्ती हेतु आयु सीमा तथा शैक्षिक योग्यताएं पद उन्नति किये जाने की दशा में लागू होंगी	भर्ती करने की विधि प्रत्यक्ष भर्ती, पद-उन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा स्थानान्तरण द्वारा या विभिन्न विधि द्वारा रिक्त पदों के प्रतिशत के अनुसार भर्ती करने की प्रक्रिया	प्रवरण भर्ती द्वारा या पद-उन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति द्वारा या स्थानान्तरण द्वारा भर्ती किये जाने की दशा में उस तिथि से पद-उन्नतियां मानी जायेगी जिससे प्रतिनियुक्ति द्वारा अथवा स्थानान्तरण हुआ हो ।
7	8	9	10
(क) न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अरबी, फारसी, इस्लामिक, भारतीय इतिहास, अथवा उच्च शैक्षिक योग्यताओं के विषय में स्नातकोत्तर (ख) अरबी, फारसी, इस्लामिक, भारतीय इतिहास में पी० एच० डी० हो । (ग) लाइब्रेरी साइंस की डिग्री । (घ) उच्च शैक्षिक स्तर के अन्वेषण प्रकाशित कार्य (ङ) अन्वेषणाध्येता के मार्ग प्रदर्शन करने की योग्यता (च) भारतीय सभ्यता की जानकारी अनुभव : किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशासन का न्यूनतम दस वर्ष का अनुभव अथवा मार्ग दर्शक अन्वेषण अथवा दोनों	अप्रोज्य	प्रत्यक्ष भर्ती	अप्रयोज्य
(क) अरबी, फारसी, इस्लामिक, भारतीय इतिहास में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में एम० ए० हो । अरबी, फारसी, इस्लामिक/भारतीय इतिहास, राष्ट्रीय स्तर की विशिष्ट छात्र-वृत्ति (ख) लाइब्रेरी साइंस की डिग्री (ग) शोधध्येताओं की मार्गदर्शक करने की योग्यता हो (घ) भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति का ज्ञान अनुभव : प्रशासन अथवा शोधध्येताओं का मार्गदर्शक करने अन्यथा दोनों में कम से कम सात वर्ष का अनुभव ।	लागू नहीं होता	प्रत्यक्ष भर्ती	लागू नहीं होता
(क) कम से कम द्वितीय श्रेणी में एम० ए०/अरबी/फारसी/इस्लामिक/भारतीय इतिहास अथवा उच्च शैक्षिक योग्यता इन विषय में (ख) लाइब्रेरी साइंस की डिग्री अनुभव : स्थाई पुस्तकालय में प्रशासन तथा संगठन न्यूनतम सात वर्ष का अनुभव हो ।	लागू नहीं होता	प्रत्यक्ष भर्ती	लागू नहीं होता
(क) स्नातक अथवा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से अरबी/फारसी/संस्कृत/भारतीय इतिहास की समानता प्राप्त डिग्री अथवा इन विषयों में शैक्षिक योग्यता (ख) लाइब्रेरी साइंस की डिग्री अनुभव : किसी स्थाई पुस्तकालय में पांच वर्ष का अनुभव	लागू नहीं होता	प्रत्यक्ष भर्ती द्वारा लिये 50 प्रतिशत तथा पदोन्नति द्वारा 50 प्रतिशत	पदोन्नति : कैटालागर को पुराने ग्रेड में कम से कम इस ग्रेड में 5 वर्ष का अनुभव
(क) विज्ञान स्नातक या समकक्ष उपाधि भौतिकी विषय के साथ अनुभव : किसी स्थाई पुस्तकालय में कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव	आयु—नहीं शैक्षिक योग्यता—हां	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा असमर्थ रहने पर-सीधी भर्ती द्वारा	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा ऐसे व्यक्तियों से जो केन्द्रीय/प्रादेशिक शासन के अधीन तुलनात्मक पुस्तकालयों में/संग्रहालयों इत्यादि में 5 वर्ष की निरंतर सेवा में हों ।

अ

1	2	3	4	5	6	6(अ)
5. वरिष्ठ तकनीकी (संरक्षण)	1	वर्ग "ख"	रुपये 1640-60-2600-ब-75-2900	चयन	आयु 25-35 वर्ष के मध्य	हां
6. तकनीकी सहायक (फोटो)	1	वर्ग "ग"	रुपये 1400-40-1800-ब-50-2300	चयन	आयु 21-30 वर्ष के मध्य	हां
7. तकनीकी सहायक (संरक्षण)	1	वर्ग "ग"	रुपये 1400-40-1800-ब-50-2300	चयन	आयु 21-30 वर्ष के मध्य	हां
8. वरिष्ठ पुस्तकालय सहायक	1	वर्ग "ग"	रुपये 1400-40-1800-ब-50-2300	चयन	आयु 21-30 वर्ष के मध्य	हां
9. प्रक्षाल लिपिक	1	वर्ग "ग"	रुपये 1400-40-1800 ब-50-2300	चयन	आयु 25-35 वर्ष के मध्य	नहीं
10. पुस्तकालय सहायक	1	वर्ग "ग"	रुपये 1350-30-1440-40-1800-50-2200	लागू नहीं होता	आयु 21-30 वर्ष के मध्य	नहीं
11. वरिष्ठ श्रेणी लिपिक	1	वर्ग "ग"	रुपये 1200-30-1560 ब-40-2040	चयन	आयु 25-35 वर्ष के मध्य	नहीं

6	7	8	9	10
विज्ञान स्नातक अथवा रसायन विषय के साथ समकक्ष उपाधि अनुभव : किसी मान्यता प्राप्त संस्था में अभिलेख संरक्षण के कार्य का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव वांछनीय : अभिलेख संरक्षण एवं अनुरक्षण में किसी मान्यता प्राप्त संस्था का प्रमाण पत्र	आयु—नहीं शैक्षिक योग्यता—हां	स्थानान्तरण द्वारा भर्ती यदि ऐसा नहीं है तो प्रत्यक्ष भर्ती द्वारा	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा ऐसे व्यक्तियों से केन्द्रीय/राज्य शासन के अधीन पुस्तकालयों/संग्रहालयों आदि में तुलनात्मक पद पर कम से कम पांच वर्ष की निरन्तर सेवा की हो ।	
